• जयपुर, गुरुवार 17 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 318 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान



जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

# वडनगर से विश्व मंच तक: नरेंद्र मोदी की 76 वर्षों की यात्रा

## संघर्ष, संगठन, सत्ता और वैश्विक नेतृत्व के पड़ावों से गुजरता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजनीतिक सफर

चमकता राजस्थान

जयपुर। 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में जन्मे नरेंद्र दामोदरदास मोदी आज 76 वर्ष के हो गए हैं। एक सामान्य परिवार से निकलकर देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने वाली उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण अध्यायों में गिनी जाती है।

नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन लंबे समय तक संगठनात्मक कार्यों से जुड़ा रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से संगठन के स्तर पर काम करने के बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय राजनीतिक भूमिका निभाई। वर्ष 2001 में वे गुजरात के मुख्यमंत्री बने और करीब 13 वर्षों तक राज्य का नेतृत्व किया।

### गुजरात से दिल्ली तक का सफर

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी की पहचान विकास, निवेश और प्रशासनिक निर्णयों पर जोर देने वाले नेता के रूप में बनी। गुजरात मॉडल को लेकर देशभर में चर्चा हुई और यही राजनीतिक छवि 2014 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आई।

2014 में भाजपा ने लोकसभा में पूर्ण बहुमत हासिल किया और नरेंद्र मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।2019 में भाजपा को फिर स्पष्ट बहुमत मिला और मोदी दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली।

### नीतियों और योजनाओं का दौर

प्रधानमंत्री के रूप में मोदी सरकार ने कई बड़े कार्यक्रम और योजनाएं शुरू कीं। जनधन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी पहलों ने शासन और सरकारी सेवाओं के वितरण के तरीके को प्रभावित किया।

डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वढक का विस्तार भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की प्रमुख पहचान बना। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े कारोबार तक डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा।

### बड़े फैसले, बड़ी बहसें

मोदी सरकार के कार्यकाल में कई ऐसे फैसले भी हुए जिन्होंने देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था में व्यापक बहस पैदा की। 2016 की नोटबंदी, ॠळ, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों में बदलाव, नागरिकता संशोधन कानून और कृषि कानून जैसे मुद्दे लंबे समय तक राष्ट्रीय चर्चा में रहे।

सरकार ने इन फैसलों को अपने नीति और प्रशासनिक एजेंडे का हिस्सा बताया, जबकि विपक्ष और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इन पर सवाल उठाए। यही कारण है कि मोदी का राजनीतिक कार्यकाल उपलब्धियों के साथ-साथ तीखी राजनीतिक बहसों का भी दौर रहा है।

### विश्व मंच पर भारत की भूमिका

मोदी सरकार के दौरान भारत की विदेश नीति में वैश्विक मंचों पर सक्रिय भागीदारी दिखाई दी। भारत की ॠ20 अध्यक्षता और वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने की कोशिशों ने भारत की कूटनीतिक सक्रियता को चर्चा में रखा।

भारत-अमेरिका संबंधों से लेकर खाड़ी देशों, यूरोप और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों के साथ रिश्तों तक भारत ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी रणनीतिक भागीदारी बढ़ाई।





### समर्थन और आलोचना–दोनों के बीच मोदी की राजनीति

मोदी के समर्थक उनके नेतृत्व को निर्णायक मानते हैं और सरकार की योजनाओं तथा वैश्विक स्तर पर भारत की सक्रियता को उनकी प्रमुख उपलब्धियों से जोड़ते हैं। दूसरी ओर, विपक्ष और आलोचक आर्थिक नीतियों, रोजगार, सामाजिक मुद्दों तथा कुछ सरकारी फैसलों को लेकर अलग दृष्टिकोण रखते हैं। लोकतांत्रिक राजनीति में इन दोनों दृष्टिकोणों के बीच सार्वजनिक बहस नरेंद्र मोदी के राजनीतिक सफर का लगातार हिस्सा रही है।

### जनसंवाद और सोशल मीडिया की राजनीति

नरेंद्र मोदी की राजनीतिक शैली का एक प्रमुख पहलू उनका प्रत्यक्ष जनसंवाद रहा है। 'मन की बात', बड़ी जनसभाएं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उनके राजनीतिक संचार के प्रमुख माध्यम बने।

डिजिटल दौर में प्रधानमंत्री कार्यालय और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल भी उनकी राजनीति की विशेषता रहा है।

### 76वें जन्मदिवस पर एक नजर पीछे

वडनगर से शुरू हुई नरेंद्र मोदी की यात्रा गुजरात के मुख्यमंत्री पद से होते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंची। इस सफर में संगठन का लंबा अनुभव, चुनावी सफलताएं, बड़े नीतिगत फैसले, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और लगातार राजनीतिक बहसें शामिल रही हैं।

76वें जन्मदिवस के अवसर पर नरेंद्र मोदी के जीवन और राजनीतिक यात्रा को केवल एक व्यक्ति की कहानी के रूप में नहीं, बल्कि पिछले कई दशकों में भारतीय राजनीति में आए बदलावों के संदर्भ में भी देखा जा सकता है।

वडनगर का एक बालक–संगठन की गलियों से निकलकर गुजरात का मुख्यमंत्री बना और फिर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री। नरेंद्र मोदी की 76 वर्षों की यात्रा भारतीय राजनीति में एक ऐसा अध्याय है, जिसकी चर्चा आने वाले वर्षों में भी होती रहेगी।

**न्यूज़ अपडेट**

### पाकिस्तानी जहाज की भारतीय नौसेना पोत से हुई टक्कर, भारत ने राजनयिक को तलब किया

**नईदिल्ली/एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पाकिस्तान की नौसेना के एक जहाज और भारतीय नौसेना के एक पोत के बीच टक्कर होने के बाद भारत ने बड़ा कदम उठाया है। भारत ने विरोध दर्ज कराने के लिए दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी को तलब कर समुद्र में पाकिस्तानी नौसेना इकाइयों के अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर आचरण को उजागर किया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। हालांकि, इस घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

विदेश मंत्रालय ने कहा, आज नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के चार्ज डी अफेयर्स को विदेश मंत्रालय में बुलाया गया। उनसे समुद्र में पाकिस्तानी नौसेना की इकाइयों के उस अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर व्यवहार पर कड़ा विरोध जताया गया, जिसके कारण भारतीय नौसेना की एक इकाई के साथ टक्कर हुई। उनसे कहा गया कि वे संबंधित पाकिस्तानी अधिकारियों तक यह बात पहुंचाएं कि ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए सभी सैन्य इकाइयों को उचित सावधानी बरतनी चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक, 15 सितंबर की शाम को उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत और पाकिस्तानी नौसेना के एक जहाज के बीच टक्कर हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी जहाज एक नियमित निगरानी मिशन पर तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पास बेहद करीब तेज गति से आया और उसने गैर-पेशेवर और असुरक्षित तरीके से हरकतें कीं। इसके कारण टक्कर हो गई। सूत्रों के अनुसार, किसी नुकसान की खबर नहीं है।

भारत ने कहा कि पाकिस्तानी जहाज का यह कदम अप्रैल 1991 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए समझौते के अनुच्छेद 10 का उल्लंघन है।

इस समझौते में सैन्य अभ्यास और सैनिकों की आवाजाही की पहले से जानकारी देने के साथ-साथ समुद्र में नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों की आवाजाही के नियम हैं।

नियमों के मुताबिक, दोनों देशों के नौसैनिक जहाज एक-दूसरे के 5.56 किलोमीटर के दायरे में नहीं आ सकते।

रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2011 में एमवी स्वेज मामले को लेकर भी इसी तरह का राजनयिक विवाद खड़ा हो गया था।

# सेमीकॉन इंडिया 2026 का आज पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

## 300 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां शामिल होंगी

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में तीन दिवसीय 'सेमीकॉन इंडिया 2026' का उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन में दुनिया भर के प्रमुख चिप निर्माता, नीति निर्माता, निवेशक और प्रौद्योगिकी कंपनियां हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के माध्यम से भारत अपने तेजी से विकसित हो रहे अर्धचालक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और इस क्षेत्र में तैयार हो रही क्षमताओं को दुनिया के सामने रखेगा।

'सिलिकॉन से सिस्टम तक : पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि भारत अब केवल चिप निर्माण की क्षमता विकसित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि चिप के आसपास के पूरे औद्योगिक ढांचे को तेजी से विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।




सरकार के अनुसार, तीन दिवसीय आयोजन में 600 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा लेंगे। इनमें 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कंपनियां शामिल होंगी। करीब 15,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रमुख वक्ता अपने विचार और विशेषज्ञता साझा करेंगे। आयोजन में छह देश मंडप और 12 राज्य मंडप भी बनाए गए हैं।

इसके साथ ही स्टार्टअप प्रदर्शनी, छात्र नवाचार प्रतियोगिता, कौशल विकास मंडप और महिला मंच भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। सरकार के मुताबिक, इन सभी के माध्यम से पिछले पांच वर्षों में भारत में विकसित हुए अर्धचालक पारिस्थितिकी तंत्र की विभिन्न क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक चिप को तैयार करने में डिजाइन के स्तर पर वर्षों और विनिर्माण में महीनों का समय लग सकता है, लेकिन उसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। आज इस्तेमाल होने वाले लगभग हर आधुनिक उपकरण में अर्धचालक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, कुकी समुदाय की 2 महिलाओं की गोली मारकर हत्या

इम्फाल/एजेंसी।

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की ताजा लहर देखने को मिली है। राज्य के तमेंगलांग जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने खेत में लकड़ी बीनने गईं कुकी समुदाय की दो महिलाओं की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। इस खूनी वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावरों ने गांव के बाहर बने कई कच्चे फार्महाउसों को भी आग के हवाले कर दिया। महज 48 घंटे के भीतर हिंसा की यह दूसरी बड़ी वारदात है, जिससे पूरे इलाके में तनाव और दहशत का माहौल फैल गया है।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह खौफनाक घटना तमेंगलांग जिले के दूरदराज स्थित लेइसांगफाई गांव की है। गांव की दो महिलाएं जंगल और खेतों की ओर सूखी लकड़ियां बीनने निकली थीं। इसी दौरान घात लगाए बैठे हथियारबंद उग्रवादियों ने



उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। मृतकों की पहचान 60 वर्षीय चोंगा सितलहू और 30 वर्षीय किमबोई सिंगसन के रूप में हुई है। गोलियों की आवाज सुनकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो दोनों महिलाओं के खून से लथपथ शव खेत में पड़े मिले। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि हमले के बाद से गांव के कुछ अन्य लोग भी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

तमेंगलांग और नोनी जिलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार हिंसक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इससे ठीक दो दिन पहले 13 सितंबर को तमेंगलांग के टोलेन कुकी गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर पति-पत्नी की हत्या कर दी थी।

# मानसून का कहर : यूपी के लखीमपुर में 7 मकान नदी में समाए, बिहार में 50 लाख लोग बाढ़ से घिरे, उत्तर भारत के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली/एजेंसी।

देश के कई राज्यों में मानसून के सक्रिय रुख के चलते बाढ़ और भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तर प्रदेश और बिहार में नदियां उफान पर हैं, जिससे लाखों लोग विस्थापित होने को मजबूर हैं। वहीं, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में भी मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। उत्तर प्रदेश: 26 जिलों में बाढ़, शारदा नदी के कटान से 7 मकान बहे उत्तर प्रदेश में सक्रिय मानसून के चलते 26 जिलों में बाढ़ जैसे गंभीर हालात बने हुए हैं, जिससे करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित हुई है:

**नदी में समाए घर:** लखीमपुर खीरी में शारदा नदी के तेज कटान से पिछले 24 घंटों के भीतर 7 पक्के मकान नदी में समा गए।



● **बिहार: 15 जिलों में 50 लाख आबादी प्रभावित, नावों में चलने लगे स्कूल**

**कटिहार में नाव पर कक्षाएं:** 15 जिलों की 575 पंचायतों में करीब 50 लाख लोग बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। कटिहार जिले में सरकारी स्कूल और कोचिंग संस्थान जलमग्न हो जाने के कारण शिक्षक नावों में बैठाकर बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हैं।

**26 जिलों में यलो अलर्ट:** राज्य के 26 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**राहत कार्य:** भोजपुर के ज्वइनिया गांव समेत कई प्रभावित इलाकों में स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ समाजसेवी संगठन और जानी-मानी हस्तियां राहत सामग्री बांटने में जुटी हैं।

## संपादकीय

# निवेशकों का विश्वास

जगदीशन के तीसरा कार्यकाल ना लेने के फैसले को एचडीएफसी बैंक में संस्थागत पुनर्गठन की जरूरत से जोड़ कर देखा गया है। अब बैंक के सामने कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्च मानकों की बहाली की कठिन चुनौती है।

सामान्य स्थितियों में फिर नियुक्ति ना मांगने के एचडीएसी बैंक के महाप्रबंधक और सीईओ शशिधर जगदीशन की घोषणा को उनका निजी फैसला समझा जाता। मगर, जो हालिया पृष्ठभूमि है, उस कारण इस घटना से भारत के इस प्रमुख बैंक के बारे में चर्चित सवालों पर फिर ध्यान गया है। जगदीशन ने अक्टूबर 2026 में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति ना मांगने का निर्णय लिया है। इस कदम को बैंक में संचालन संबंधी अनसुलझे मसलों और एचडीएफसी हाउजिंग फाइनेंस कंपनी के साथ उसके विलय के बाद की चुनौतियों के बरकरार रहने का संकेत समझा गया है।

उल्लेखनीय है कि जगदीशन का कार्यकाल बैंक में कॉरपोरेट गवर्नेंस से जुड़े विवादों से प्रभावित रहा। पूर्व गैर–कार्यकारी अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के ₹नैतिक चिंताओं₹ का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने, और महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से संबंधित डिपॉजिट प्रोक्योरमेंट विवाद से बैंक की साख को झटका लगा। क्रेडिट सुइस एटी–1 बॉन्ड सहित विदेशी संपत्तियों की बिक्री के मामले में जोखिम संभालने संबंधी बैंक के मानकों पर सवाल उठे। हालांकि वित्तीय मोर्चे पर बैंक में स्थिरता रही, लेकिन विलय के बाद उसके मुनाफे में आई कमी आई। उससे निवेशकों में उपजे संदेह के कारण शेयर बाजार में बैंक का प्रदर्शन कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया। लंबे समय तक भारतीय रिटेल बैंकिंग का गोल्ड स्टैंडर्ड माने जाने वाले इस बैंक के लिए ये रुझान चिंता का कारण बने हुए हैं।

आम चर्चाओं में बैंक में संचालन संबंधी गलतियों को लेक- र कयास लगाए गए हैं। संदेह जताया गया है कि हालिया वर्षों में ऐतिहासिक स्थिरता के रिकॉर्ड से बैंक भटक गया है। इसीलिए जगदीशन के तीसरा कार्यकाल ना लेने के फैसले को बैंक में संस्थागत पुनर्गठन की जरूरत से जोड़ कर देखा गया है। अब बैंक प्रबंधन के सामने जगदीशन के उत्तराधिकारी की अविलंब खोज और कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्च मानकों की बहाली की कठिन चुनौती है। एचडीएफसी की भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए उसके अंदर की घटनाओं पर सबकी निगाह होना लाजिमी है। इसे समझते हुए बैंक के कर्ता–धर्ताओं को निवेशकों का विश्वास फिर हासिल करने के ठोस कदम जल्द उठाने चाहिए।

# सेवा संकल्प अभियान : प्रदेशभर में होंगे जनसेवा के कार्यक्रम

**धनंजय राठौर**

सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक महीने का देशव्यापी अभियान है। इसका मकसद मोदी के सेवा और विकास से जुड़े कामों को लोगों तक पहुंचाने के साथ जनसेवा के कार्यक्रमों को बढ़ाना है। इन कार्यक्रमों में रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, स्कूलों में प्रतियोगिताएं आदि शामिल हैं।

इस अभियान का उद्देश्य जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना, विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लेना, केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाना तथा प्रत्येक परिवार की सहभागिता के साथ व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

'सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के (मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में) निरंतर जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यकाल के सम्मान में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाला एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। सेवा गतिविधियां में नागरिकों को रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण, जल संरक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसी 25 सेवा गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। श्रमदान के रूप में नागरिकों से कम से कम 25 मिनट श्रमदान करने की अपील की गई है, जिसकी फोटो या वीडियो माई भारत पोर्टल पर अपलोड करने पर डिजिटल प्रमाण-पत्र मिलेगा।

विशेष कार्यक्रम के रूप में 17 सितम्बर 2026 को आशीर्वाद का दीया, नमो सेवा गाथा के तहत संभागीय मुख्यालय रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर (सरगुजा), और जगदलपुर (बस्तर), के आडिटोरियम में संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन से समन्वय कर प्रस्तावित तिथि अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नमो सेवा गाथा अंतर्गत नुक्कड नाटक, नृत्य नाटिका जिले केस्थानीय कलाकार के माध्यम से सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। सेवा सेतु अभियान (विकासखंडों में बहुउद्देशीय शिविर) और सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज जैसी अभिनव गतिविधियां आयोजित होंगी।

इन गतिविधियों का संचालन शासकीय विभागों के साथ-साथ नागरिकों तथा सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भी किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सभी आयु वर्ग की महिलायें, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, स्वैच्छिक संगठन, शैक्षणिक संस्थाएँ, स्वयं-सहायता समूहों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों को सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा।

### ● कब से कब तक चलेगा अभियान

यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। 17 सितंबर को पीएम मोदी का जन्मदिन है, जबकि 7 अक्टूबर को उनके सार्वजनिक पद पर 25 साल पूरे होंगे। 17 अक्टूबर 2026 को अभियान का समापन बड़े कार्यक्रम के साथ किया जाएगा।

### ● प्रदेशभर में होंगे सेवा कार्यक्रम

अभियान के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच स्कूल और कॉलेजों में ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये गए सेवा कार्यो और विकसित भारत की संकल्पना पर जानकारी दी जाएगी और ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, प्रदर्शनियां, सेमिनार और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां होंगी। ब्लॉक स्तर पर 'सेवा सेतु' शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में मदद दी जाएगी।

### ● आंगन का उत्सव' में पोषण और महिला-बाल कल्याण पर जोर

25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों में 'आंगन का उत्सव' आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पोषण, मातृ सहायता, टीकाकरण तथा महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी जाएगी। कार्यक्रमों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनका सम्मान भी किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और परिवारों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता से जोडने् का प्रयास किया जाएगा।

### ● कहानी बदलाव की'में सामने आएंगी सफलता की वास्तविक कहानियां

अभियान के दौरान 'कहानी बदलाव की' पहल के तहत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की वास्तविक सफलता की कहानियों का संकलन किया जाएगा। इन कहानियों के माध्यम से यह बताया जाएगा कि सरकारी योजनाओं का प्रभाव किस तरह आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। हितग्राहियों की सफलता की कहानियां अन्य पात्र नागरिकों को भी योजनाओं का लाभ लेने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढने् के लिए प्रेरित करेंगी।

### ● 'विकसित भारत' पर रहेगा जोर

स्कूलों में विकसित भारत 2047 विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। 'नमो सेवा' के तहत नुक्कड़ नाटक और आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'आंगन मिलन सेवा' जैसे कार्यक्रम भी रखे गए हैं। पिछले 25 वर्षों के सेवा कार्यो में, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएं और देश में आए बदलावों की कहानी को एक सरल, भावनात्मक और संगीतपूर्ण नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से गाँव - गाँव तक पहुंचाया जाएगा।

# सेवा-संकल्प-अभियान : डिजिटल क्रांति से संवरता भविष्य: धमतरी से उठी विकसित भारत के निर्माण की नई मशाल

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के युवाओं को 'विकसित भारत' की संकल्पना का मुख्य आधार मानते हुए उन्हें विश्वस्तरीय अवसर प्रदान करने के लिए बहुआयामी प्रयास कर रही है। डिजिटल शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और ग्रामीण व शहरी युवाओं के बीच अवसरों की दूरी को मिटाने के उद्देश्य से धमतरी जिले के नगर पंचायत आमदी में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया। प्रदेश के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन करते हुए इसे युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला एक बड़ा कदम बताया।



यह ई-लाइब्रेरी युवाओं को केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के योग्य बनाएगी। इस अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी में निर्बाध ऑनलाइन अध्ययन के लिए आधुनिक कंप्यूटर और उच्च गति इंटरनेट की व्यवस्था की गई है। हज़ारों ई-बुक्स, ई-जर्नल्स और अद्यतन अध्ययन सामग्री की उपलब्धता के साथ - साथ प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी, रेलवे और बैंकिंग जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण अध्ययन का वातावरण बनेगा। पढ़ाई के लिए सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से सक्षम परिसर का निर्माण किया गया है।

» उच्च शिक्षा और महाविद्यालयों के लिए विजन्

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के दूरदर्शी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि ज्ञान ही विकसित समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। हमारी सरकार का उद्देश्य केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करना है। ई-लाइब्रेरी डिजिटल युग की महती आवश्यकता है, जो ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के बीच अवसरों के अंतर को समाप्त करेगी ताकि युवाओं को बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। युवाओं को सशक्त बनाने की यह व्यवस्था केवल नगर पंचायतों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे राज्य के सभी महाविद्यालयों में भी लागू किया जाएगा ताकि हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

» 'पंचायतों से लेकर महाविद्यालयों तक फैलेगा जाल

जिले की लगभग सभी नगर पंचायतों में पुस्तकालय सुविधा विकसित की जा चुकी है। अब मेघा, सांकरा और बेलरगांव जैसी ग्राम पंचायतों की तर्ज पर अन्य सभी ग्राम पंचायतों और प्रदेश के प्रत्येक महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी व आधुनिक अध्ययन तंत्र का विस्तार किया जा रहा है।

अपने ही क्षेत्र और कॉलेजों में विश्वस्तरीय डिजिटल सुविधाएं मिलने से विद्यार्थियों में नया उत्साह है। यह पहल न केवल स्थानीय प्रतिभाओं का पलायन रोकेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को शिक्षा और तकनीक से लैस कर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए पूरी तरह से तैयार करेगी।

## सू- दोकू क्र.162

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.161का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -162

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति–रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 161का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप बिजनेस में अच्छा लाभ कमायेंगे , भौतिक सुख सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। इस राशि के छात्रों का दिन खुशनुमा रहेगा, किसी टेस्ट पेपर में आपको अच्छे अंक प्राप्त होंगे। आज आप दूसरों की बातों को भी अहमियत देंगे और अच्छे से समझने की कोशिश करें , इससे आपको लाभ मिलेगा। आज आप सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में सफल साबित होंगे। आज कानूनी मामलों में आपको जीत मिलेगी, जिससे आपको संतुष्टि मिलेगी।

### वृष राशि :

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत करेंगे , भविष्य में आप बढ़िया लाभ कमायेंगे। आज आप अटके हुए कार्यों को पूरा करेंगे , जिससे आप अपने अन्य कार्यों को आगे बढ़ा पायें। इस राशि के व्यक्ति आज अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। आज आपके महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे, पॉजिटिव रिजल्ट आने से आपको खुशी मिलेगी। आज आप घर या ऑफिस का रेनोवेशन कराने का विचार कर सकते हैं।

### मिथुन राशि :

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहेगा। आज रोजगार की तलाश खत्म होगी , आपको किसी अच्छी कंपनी से ऑफर मिलने की संभावना हैं। आज ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें, बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे। आज पारिवारिक रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी , बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करने का मौका मिलेगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और बाहर का खाना अवॉयड करें।

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप कारोबार में पैसे के लेन–देन में जल्दबाजी न दिखाएं। आज आप अपने ध्यान को केंद्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा , बच्चे भी आपको खुश होने की वजह देंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भी भर सकते हैं या इंटरव्यू में जा सकते हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी , किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा।

### सिंह राशि :

आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे , किसी वरिष्ठ व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज आप जीवनसाथी के लिए उपहार खरीदेंगे साथ ही घर की साज–सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीददारी भी कर सकते हैं। इस राशि की महिलाएं आज किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं , जिसमें परिवार का पूरा साथ मिलेगा। आज आप दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचें अन्यथा आपकी बात खराब हो सकती है।

### कन्या राशि :

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज के दिन की शुरुआत आप किसी अच्छी आदत के साथ करेंगे , जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रहे। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा , आप पेंटिंग भी कर सकते हैं। आज आपको मेहनत और व्यवहार के कारण वो सब मिलेगा , जिसके आप हकदार हैं। आज आप अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें अन्यथा विरोधी इसका लाभ उठा सकतें हैं। इस राशि के व्यक्तियों को आज पारिवारिक सुख और शांति का लाभ होगा , साथ ही आपके रिश्तों में मधुरता आएगी।

### तुला राशि :

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा , जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रही रहेगी। आज आप अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज आप खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। अगर आप नया वाहन खरीदने की सोच रहें है तो खरीद सकते हैं। आज आपको घर की सफाई के दौरान कोई खोई हुई चीज वापस मिल सकती है। आज आप मित्रों के साथ शाम का समय बितायेंगे और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा भी करेंगे।

### वृश्चिक राशि :

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आप मेहनत और लगन से किसी काम को करने में सफल रहेंगें , पेरेंट्स भी गर्व महसूस करेंगे। आज किसी करीबी से आपको खुशखबरी मिलेगी , आपके घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा। आज आप जरूरतमंदों की मदद करेंगे , आपको आशीर्वाद की प्राप्ति होगी। आज ऑफिस में सरलता से कार्य को पूरा करने की कोशिश करें, मेहनत के मुताबिक सफलता आपको हासिल होगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा।

### धनु राशि:

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहेगा। आज आपको ट्रांसफर से जुड़ी सूचना प्राप्त हो सकती है , जो आपके काम को आसान बनाएगी। अगर आप किसी नए व्यापार की शुरूआत करना चाह रहें है तो आज शुरूआत कर सकते है। इस राशि के व्यक्तियों को अपने जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं धार्मिक स्थलों पर जाने का मन बना सकते हैं। आज आपको आय के नए स्रोत मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। होटल मैनेजमेंट में कार्यरत व्यक्ति आज नयी डिश तैयार करेंगे।

### मकर राशि :

आज का दिन आपके लिए मिला–जुला रहने वाला है। आज आपका काफी समय से रुका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। आज आप बिजनेस में परिवर्तन को लेकर विचार–विमर्श कर सकते हैं साथ ही ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। इस राशि के लवमेट के लिए बढ़िया दिन है, आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा और आपकी योजनाएं सफल रहेंगी। आज आपको स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है , बदलते मौसम में अपने खाने–पीने का ध्यान रखें।

### कुंभ राशि :

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कार्यस्थल पर थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी , लेकिन किसी सहकर्मी से मदद भी मिल सकती है। साथ ही किसी विदेशी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। जिसे ज्वॉइन करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपका मन रचनात्मक चीजों में अधिक लगेगा , आप बच्चों को ड्राइंग बनाना भी सिखा सकते हैं। आज आपके काम से सभी बहुत प्रभावित होंगे और आपसे इंस्पायर भी होंगे। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी , किसी संस्था से आपको जुडने् का मौका मिलेगा।

### मीन राशि :

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान नयी चीजों के प्रति आकर्षित होगा , आपके मन में कुछ बड़ा करने की प्रेरणा होगी। काफी लम्बे समय बाद आपको घर जाकर बच्चों से मिलने का मौका मिलेगा। आज आपका मार्केट में रुका हुआ पैसा आपको मिल जायेगा , जिससे आपका काम आगे बढ़ेगा। इस राशि के स्टूडेंट के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है आज आपको शिक्षकों से प्रशंसा मिलेगी। किसी योजना को बनाने में जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आनन्दपुरा धुमधाम से बाबा रामदेव जयंती मनाई शोभा यात्रा निकाली



**चमकता राजस्थान** गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़ जिले स्थित ग्राम पंचायत गुराडिया कला के आनन्दपुरा जाजनी में समस्त ग्रामवासी भक्तजन द्वारा 13 सितंबर 2026 को लोकदेवता बाबा रामदेव की जयंती मनाई शोभायात्रा पुरे गांव में होते हुए मंदिर पहुंची शोभायात्रा में आनन्दपुरा निवासी ब्लाक मिडिया प्रभारी मदनसिंह सोलंकी ने जानकारी देकर बताया की जिन श्रद्धालुओं ने मन्नत मांगी वहां पूर्ण होने पर नारायण सिंह प्रदान सिंह,लालसिंह हाथ में नारियल लेकर लोटन दण्डवत यात्रा से अखंड धाम आश्रम पहुंचे जिनका आश्रम पर गुरुजी रामसिंह भगत जी समेत ग्रामवासियों ने स्वागत किया शोभायात्रा के पश्चात ग्रामवासियों के द्वारा भंडारा रखा गया जिसमें क्षेत्र के सेकडो भक्तजनों ने महा आरती करप्रसादी वितरण की सभी श्रद्धालु शांतिपूर्वक अपने-अपने घर को प्रस्थान हुए

### विश्व प्रसिद्ध श्रीपूनरासर धाम में त्रिदिवसीय हनुमानजी का भादवा मेला आज से

- **पूजारी बोथरा परिवार ने जारी किया बाबा हनुमानजी का स्वर्णाकर्षण फोटो फ्रेम**

**चमकता राजस्थान** बीकानेर। संभाग मुख्यालय बीकानेर से करीब 56 किलोमीटर दूर स्थित विश्व प्रसिद्ध चमत्कारी श्रीपूनरासर धाम में हनुमानजी के भादवा मेले को लेकर तैयारियां जोर-शोर से सम्पन्न हो चली हैं। यहां त्रिदिवसीय 17, 18 एवं 19 सितंबर को पूनरासर धाम में भव्य भादवा मेला आयोजित होगा। मेले में बीकानेर सहित राजस्थान, देश के विभिन्न जिलों और दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु बाबा हनुमानजी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आस्था और श्रद्धा के साथ धाम पहुंचेंगे। पूनरासर धाम के पुजारियों में क्रमशः विमल कुमार बोथरा, पुजारी धनराज बोथरा, कमल कुमार बोथरा, संपतमल बोथरा, राजकुमार बोथरा, रंजीत कुमार बोथरा, धर्मचंद बोथरा, लक्ष्मीपत बोथरा ने संयुक्त रुप से यह जानकारी दी। उन्होंने बाबा हनुमानजी का आकर्षक स्वर्णाकर्षण फोटो फ्रेम का लोकार्पण भी किया। स्वर्णाकर्षण फोटो फ्रेम भक्तों को पूनरासर भादवा मेले में उपलब्ध होगा। पुजारी परिवार ने बताया कि बोथरा परिवार ओसवाल समाज की परंपरा से जुड़ा हुआ है और लंबे समय से मंदिर की पूजा-अर्चना एवं व्यवस्थाओं का संचालन करता आ रहा है। विद्वान ज्योतिर्विद पुजारी धनराज बोथरा ने बताया कि भादवा मेले के दौरान बड़ी संख्या में पैदल यात्री और श्रद्धालु पूनरासर धाम पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठहरने, भोजन-प्रसाद, पानी, स्नान आदि की व्यवस्थाएं की जाएंगी। पैदल यात्रियों की थकान को देखते हुए मालिश/मसाज की व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पुजारी परिवार, ट्रस्ट, प्रशासन तथा सहयोगी संस्थाएं मिलकर मेले की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में जुटी हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो और वे शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से बाबा के दर्शन कर सकें। मेले में लाखों श्रद्धालुओं के संभावित आगमन को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन की ओर से भी आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। पुजारी परिवार एवं प्रशासन के बीच समन्वय से मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने, दर्शन व्यवस्था को सुचारू रखने और यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की तैयारियां की जा रही हैं।

पुजारी परिवार ने कहा कि बाबा हनुमान के दरबार में आने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत है। बाबा के दर्शन करने आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए श्रद्धामय निष्ठावान पुजारी परिवार अपनी ओर से हरसंभव प्रयास करेगा। इस दौरान उन्होंने अपने आशीर्वचन में भी कहा कि बाबा हनुमान सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हों।

# उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी दिया कुमारी ने वर्चुअल बैठक में तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

## जनसेवा, जनभागीदारी और सुशासन की भावना को मिलेगा विस्तार

**चमकता राजस्थान**

ब्यावर। 'विकसित भारत' के लक्ष्यों की दिशा में जनभागीदारी को सशक्त करने तथा जनसेवा, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक 'विकसित भारतझ्जन सेवा अभियान' संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिलेभर में जनसेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी दिया कुमारी ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से विकसित भारतझ्जन सेवा अभियान के संचालन की कार्ययोजना एवं तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा अभियान के माध्यम से अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभियान के माध्यम से जनसेवा, सामाजिक सरोकार और सुशासन की भावना को मजबूत करते हुए आमजन को विकास एवं सेवा की गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए।

- **सेवा, सहभागिता और**



**सामाजिक सरोकार से जुड़ेंगे कार्यक्रम**

अभियान के दौरान जिले में रक्तदान शिविर, जनसेवा शिविर, श्रमदान एवं सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शैक्षणिक संस्थानों में चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं, प्रेरणादायी वीडियो प्रदर्शन, विद्यार्थियों की रैलियां तथा रंगोली प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

इसी क्रम में समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आशा सहयोगिनियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही नवाचार एवं जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर सेवा एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा दिया जाएगा।

- **जनभागीदारी से सशक्त होगा विकसित भारत का संकल्प**

उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी दिया कुमारी ने अधिकारियों को अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम में आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से ही जनकल्याणकारी प्रयासों को व्यापक स्वरूप प्रदान किया जा सकता है। अभियान की गतिविधियों में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए इसे जनसेवा का व्यापक अभियान बनाया जाए।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा, नगरपरिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग गणेशा राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में 111 यूनिट रक्त संग्रहित, 88 नेत्र एवं 73 दंत जांच

**चमकता राजस्थान**

महेश कुमार बिड़ला /मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा भीलवाड़ा। विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में लघु उद्योग भारती महिला इकाई, भीलवाड़ा द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर के साथ निःशुल्क नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 111 यूनिट रक्तदान हुआ, वहीं 88 लोगों की नेत्र जांच एवं 73 लोगों की दंत जांच की गई। रक्तदान, नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा जांच सहित तीनों सेवाओं के आयोजन में रामस्नेही चिकित्सालय, भीलवाड़ा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। लघु उद्योग भारती से राजकुमार मेलाना एवं सुरेश कोगटा का इसमें विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती हरितिमा जी थीं, जबकि पुलिस अधिकारी श्री सुनील जी चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती




चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष श्री महेश जी हुरकट ने की।

इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त मंत्री रविंद्र जाजू, संजीव जी चिरानिया, रामप्रकाश काबरा चंदा मुंदड़ा, शंभूप्रसाद काबरा, ग्रोथ सेंटर इकाई अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल उपस्थित रहे।

महिला इकाई की अध्यक्ष पल्लवी लड्ढा ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित रक्तदान शिविर में 106 यूनिट रक्तदान हुआ था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 111 यूनिट हुई है। उन्होंने कहा कि महिला इकाई द्वारा सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है इसी के अंतर्गत इस वर्ष निःशुल्क नेत्र जांच एवं दंत जांच शिविर भी रखा गया।

सचिव डॉ. प्रियंका मेहता ने बताया कि रक्तदान के साथ नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना था। उन्होंने रामस्नेही चिकित्सालय की चिकित्सा टीम, रक्तदाताओं, चिकित्सकों, कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम प्रभारी सरिता अग्रवाल एवं ज्योति आगाल ने बताया कि शिविर में लोगों की सक्रिय भागीदारी से सेवा कार्य को गति मिली। महिला इकाई की पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास किए। शिविर के सफल आयोजन में उअ प्रिया कोठारी, रेखा ईनाणी, कीर्ति पाराशर, प्रतिभा पाराशर, शोभा चोखड़ा, गुड्डी काबरा, मानकंवर काबरा, सुमित्रा हुरकट, रीना डाड, इंदु मालू, स्नेहलता मेलाना, ने-हा सबरवाल, मधु कोगटा, शिल्पा टिक्कीवाल, रक्षा जैन, वीणा मोदी एवं विनीता तोषनीवाल सहित महिला इकाई की सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

शिविर में लघु उद्योग भारती के विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। महिला इकाई ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सा टीम एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### पर्युषण पर्व पूर्ण होने पर निकला भव्य वरघोड़ा

- **जैन श्वेतांबर समाजजनों ने श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया समापन समारोह...**



**चमकता राजस्थान** धरियावद। जैन श्वेतांबर समाज के पर्युषण पर्व के पूर्ण होने के अवसर पर नगर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भव्य वरघोड़ा निकाला गया। वरघोड़े में समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक जयकारों एवं भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। वरघोड़ा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जैन श्वेतांबर मंदिर पहुंचा। इस दौरान समाजजनों ने भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगाए तथा पर्व के सफल आयोजन पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने पर्युषण पर्व के दौरान हुए धार्मिक आयोजनों एवं तपस्या के लिए सभी साधर्मिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

### हरिराम बाबा का मेला संपन्न




**चमकता राजस्थान** नागौर मेले में अपेक्षा से अधिक दर्शनार्थी पहुंचे भादवा मास की शुक्ल पक्ष चतुर्थी और पंचमी के दिन यह मेला प्रतिवर्ष भरता है लेकिन इस बार श्रद्धालु 2 दिन पहले ही आने शुरू हो गए जिसे गांव में चहल-पहल और मेले की रौनक बनने लगी। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पंक्तिबद्ध दर्शन करने की व्यवस्था की गई वहीं पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु मोर्चा संभाला मेले में स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जगह-जगह सेवा का कार्य श्रद्धालुओं के लिए किया गया वहीं मेले में जगह-जगह दुकानें स्टॉल आदि लगाई गई इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए मेले में शारदा बाल निकेतन विद्यालय की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए जल व्यवस्था हेतु अस्थाई प्याऊ लगाकर आने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को ठंडा और शीतल जल पिलाया गया इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के हरिराम धारणिंया जगदीश जोशी केवल राज बछावत प्रधानाचार्य पुखराज राव पूर्व प्रधानाचार्य गेनाराम गुरु रुद्रकुमार शर्मा कमला चारण अरुणा दहिया मेघराज राव अशोक जांगू भोजाराम पवन कुमार रेवंत राम सहित विद्यालय के आचार्य और छात्रों ने मिलकर दर्शनार्थियों हेतु ठंडा शीतल जल पिलाने का कार्य किया।

### वार्ड 7 में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर मोहल्लेवासियों ने जताया आभार....

## राणावत का मेवाड़ी पाग पहनाकर किया स्वागत

**चमकता राजस्थान**

धरियावद। नगरपालिका चुनाव में वार्ड नंबर 7 से प्रकाश गाचा कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर मोहल्लेवासियों द्वारा बावड़ी वाले ठा. पुखराज सिंह बिल्लू बना राणावत का मेवाड़ी पाग पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने राणावत के



अथक प्रयासों एवं सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं एवं मोहल्लेवासियों ने कहा कि चुनाव के दौरान राणावत ने लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप वार्ड 7 में कांग्रेस प्रत्याशी को विजय मिली। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# डीग में सभापति पद के लिए तीन दावेदारों ने दाखिल किया नामांकन

## मालती देवी, अर्पित गुप्ता एवं राहुल लवानिया ने जताई दावेदारी

**चमकता राजस्थान**

मनोज पाराशर तन्नू/कंट्री विजन/ डीग। नगर परिषद चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद अब सभापति पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को डीग नगर परिषद के सभापति पद के लिए तीन दावेदारों ने नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की। मालती देवी, अर्पित गुप्ता और राहुल लवानिया ने सभापति पद के लिए नामांकन पत्र उपखंड अधिकारी अमित कुमार मीणा के समक्ष प्रस्तुत किए।सभापति पद के लिए नामांकन दाखिल होने के साथ ही अब डीग की सियासत में जोड़-



तोड़ और रणनीतिक गतिविधियों का दौर शुरू होने की संभावना है। नगर परिषद के चुनाव परिणाम में किसी भी एक राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के बाद सभापति पद का चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका भी निर्णायक हो सकती है।नामांकन के बाद आने वाले दो दिन राजनीतिक रूप से काफी अहम माने जा रहे हैं। इन दो दिनों में दावेदार अपने-अपने पक्ष में पार्षदों का समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे। वहीं राजनीतिक दलों के स्तर पर भी पार्षदों को एकजुट रखने और सभापति पद के लिए समर्थन जुटाने की कवायद तेज हो सकती है।

दो दिन तक नाम वापसी का मौका - सभापति पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रत्याशियों को नाम वापस लेने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। इस दौरान राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की संभावना बनी रहेगी। यदि किसी दावेदार द्वा-रा नाम वापस लिया जाता है तो सभापति पद का मुकाबला सीधे तौर पर प्रभावित हो सकता है।

नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद सभापति पद के लिए मैदान में बचे प्रत्याशियों की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। इसके बाद पार्षदों के समर्थन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

- **निर्दलीय पार्षदों की भूमिका अहम**

डीग नगर परिषद के चुनाव परिणाम में बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों के जीतकर आने के कारण सभापति चुनाव में उनका महत्व बढ़ गया है। बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने के लिए राजनीतिक दलों को निर्दलीय पार्षदों के समर्थन की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में सभापति पद के दावेदारों के लिए निर्दलीय पार्षदों को अपने पक्ष में करना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### भोपालगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव: 6 नामांकन दाखिल, कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने



**चमकता राजस्थान**

भोपालगढ़: रिपोर्ट मेहराम गहलोत भोपालगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए कुल 6 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से एक और कांग्रेस से 4 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है।

भाजपा ने देवेश चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने अधिकृत रूप से जमना देवी को सिंबल दिया है। जमना देवी के अलावा रामदीन, शिवकरण सैनी और नारायण राम जाखड़ ने भी कांग्रेस से नामांकन जमा कराया है। इसके अलावा, नारायण राम ने निर्दलीय भी अपना नामांकन भरा है।

- **परिषद का गणित:**

25 सदस्यों वाली भोपालगढ़ नगर पालिका में कांग्रेस के 13, भाजपा के 9, आरएलपी के 2 और एक निर्दलीय पार्षद ने चुनाव जीता है। अध्यक्ष पद के लिए 13 पार्षदों का समर्थन जरूरी है। वर्तमान में कांग्रेस के पास आवश्यक आंकड़ा मौजूद है, जबकि भाजपा बहुमत के आंकड़े से 4 सीट पीछे है।

# 20 हजार से अधिक लोगों ने लिया भाग, कलश यात्रा व भव्य शोभायात्रा ने बांधा समां

## मेघ रिख जयंती पर जोधपुर नगरी हुई मेघमय

**चमकता राजस्थान**

राजू भाई सागासनी/ब्यूरो चीफ जोधपुर। जोधपुर। मेघ रिख शिक्षा एवं कल्याण संस्थान की ओर से रावण का चबूतरा मैदान में मेघ रिख जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेशभर से आए संत-महात्माओं, समाज के प्रबुद्धजनों सहित हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। दोपहर में निकली भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा से जोधपुर नगरी मेघमय नजर आई।

समारोह को संबोधित करते हुए संयोजक सोहनलाल लखानी ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सात प्रमुख संकल्प दिलाए। इनमें शिक्षा को बढ़ावा देना, नशामुक्त समाज का निर्माण, मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं का बहिष्कार, बच्चों में अच्छे संस्कार एवं अनुशासन विकसित करना, मोबाइल का सीमित उपयोग, आपसी विवादों को संवाद के माध्यम से सुलझाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनाना शामिल रहा। वक्ताओं ने कहा कि इन संकल्पों को जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है तथा सामाजिक एकता और जागरूकता को मजबूत किया जा सकता है।

● **विरासत और संस्कृति संरक्षण पर जोर**

प्रदेशाध्यक्ष कालूराम सोनेल ने मेघ रिख जयंती के अवसर पर समाज की गौरवशाली विरासत, इतिहास और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जयंती केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि महापुरुषों के विचारों को आत्मसात कर समाज की विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने युवाओं से समाज के इतिहास, संतों और वीरों की स्मृतियों को सुरक्षित रखने तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का आ''ान किया।

● **महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा पर बल**

नितु दैया ने मेघ समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब बेटियां शिक्षित हों और महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार एवं समाज के निर्णयों में भागीदारी निभाएं। उन्होंने महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी रखने तथा घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ जागरूक होने का आ''ान किया। साथ ही बालिकाओं की शिक्षा, डिजिटल एवं कौशल विकास तथा आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया।



वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता से उनका सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ता है। इसके लिए महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों, रोजगार प्रशिक्षण एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ना जरूरी है।

युवाओं को रोजगार व तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का आ''ान

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने मेघवाल समाज के युवाओं के स्वावलंबन के लिए रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। तुलसीराम चौहान ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाए रखने का आ''ान किया।

● **कलश यात्रा व शाही शोभायात्रा ने मोहा मन**

दोपहर में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इसके बाद शहर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े और ऊंटों पर सवार संत-महात्माओं की शाही सवारी आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। इस दौरान मेघवाल एकीकरण ऐप की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई गई।

समारोह में पूर्व विधायक आत्माराम मेघवाल, नथमल खीची, धर्मेन्द्र भदराल, जोराराम मेहरड़ा, मोडाराम लिखणिया, रमेश पंवार, एचआर मेहरा, सुरेश मेघवाल, उषा सोडा, शोभा चौहान, कमला गोयल, राजू भाई सागासनी,घनश्याम मेघवाल, महामंडलेश्वर आत्माराम उपाध्याय, आचार्य ओमजी महाराज, महामंडलेश्वर अमरताराम महाराज, आचार्य निर्भय दास सहित प्रदेशभर से आए साधु-संत एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार समारोह में 20 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्सकॉन 2026 में आज होगी 'गोल्डन अपॉर्च्युनिटी' प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप, तीन दिवसीय कांफ्रेंस में देशझ्रविदेश से सेक्सोलॉजिस्ट लेंगे हिस्सा सेक्सुअल मेडिसिन की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देंगे विशेषज्ञ

**चमकता राजस्थान** जयपुर, काउंसिल ऑफ सेक्स एजुकेशन एंड पैरेंटहुड (इंटरनेशनल) (सी एस ई पी आई)की 42वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस 18 सितंबर से होटल क्लॉर्क आमेर में शुरू होने जा रही है।

सैक्सऑन 2026 के तहत आयोजित होने वाली इस कांफ्रेस में देशझ्र विदेश के एक्सपर्ट्स और मेडिकल प्रोफेशनल्स हिस्सा लेंगे।

तीन दिवसीय इस कांफ्रेंस की थीम 'साइंस एंड सेक्स' रखी गई है।

गुरुवार को इस कांफ्रेंस के तहत गोल्डन अपॉर्च्युनिटी' नाम से विशेष प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। इस वर्कशॉप में सैक्सुअल मेडिसीन से जुड़े हुए मुंबई के प्रो. डॉ. राजशेखर ब्रह्मभट्ट डॉक्टरों को इस संबंध में विशेष जानकारी देंगे।

आयोजन सचिव डॉ. जॉली अरोड़ा ने बताया कि वर्कशॉप में तीन मुख्य विषयों पर चर्चा होगी। जिनमें सेक्स क्लीनिक कैसे शुरू करें, सेक्स से जुड़े मिथक और गलत धारणाएं तथा सेक्सुअल डिस्फंक्शन का सफल उपचार शामिल हैं। डॉक्टरों को सेक्सुअल मेडिसिन की प्रैक्टिस शुरू करने, मरीजों की समस्याओं को व्यवस्थित तरीके से समझने, सेक्स से जुड़े मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों में अंतर करने तथा सेक्सुअल डिस्फंक्शन के उचित आकलन, काउंसलिंग और उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी।

सेक्सुअल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं पर लोग अक्सर झिझक, गलत जानकारी और सामाजिक संकोच के कारण डॉक्टर से सलाह लेने में भी हिचकते हैं। सेक्स हैल्थ से जुड़ी समस्याओं के प्रति लोगों में अवेयरनेस आए। उन्हें कब डॉक्टर्स से मिलना चाहिए। इस पर चर्चा होगी।

वर्कशॉप का उद्देश्य ''सीखना, समझना, प्रैक्टिस में बदलाव लाना और जीवन को बेहतर बनाना'' है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश माथुर और विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरधर गोपाल गोयल, रजिस्ट्रार, मेडिकल काउंसिल का भी सहयोग रहेगा।

इसमें सेक्सोलॉजिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, साइकोलॉजिस्ट, गाइनकोलॉजिस्ट, फैमिली फिजिशियन सहित अन्य विशेषज्ञ सेक्सुअल हेल्थ से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे।

### बाहेती परिवार की ओर से निर्मित पुस्तकालय भवन का लोकार्पण

● **विधायक लांबा बोले—किताबें विद्यार्थियों की सच्ची साथी, अध्ययन के लिए बेहतर माहौल मिलेगा**



**चमकता राजस्थान** रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर श्रीनगरकस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक रामस्वरूप लांबा ने बाहेती परिवार की ओर से अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में निर्मित पुस्तकालय भवन का लोकार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक लांबा ने कहा कि पुस्तकें विद्यार्थियों की सच्ची साथी होती हैं। पुस्तकालय भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का विस्तारपूर्वक अध्ययन करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने भामाशाह रामस्वरूप ,शिवदास बाहेती के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नवीन पुस्तकालय भवन विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने में उपयोगी साबित होगा। समारोह को संबोधित करते हुए भामाशाह व उद्योग पति शिवदास बाहेती ने विद्यालय की जरूरत को देखते पुस्तकालय भवन बनवाया है । विद्यार्थी इसका अध्ययन को सुचारू रखने के लिए उपयोग करें।समारोह को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत मिश्रा, श्रीनगर ग्राम पंचायत प्रशासक दिलीप राठी, पूर्व सरपंच रामकरण यादव, अखिल भारतीय महेश्वरी महासभा के संयुक्त मंत्री रमाकांत बाल्दी, शिक्षाविद् हर स्वरूप काबरा, ने भी संबोधित किया। प्रिंसिपल अनीता बूब ने विधायक रामस्वरूप लांबा से विद्यालय में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग रखी। पद रिक्त है। लोकार्पण समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्रों ने राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य किया। ₹शिक्षाविदों को किया सम्मानित₹ । समारोह में शिक्षाविद् भगवान स्वरूप यादव( 92 वर्ष) को सम्मानित किया गया। यादव ने श्रीनगर के इतिहास पर शोभायमान श्रीनगर पुस्तक भी लिखी है। सेवानिवृत्ति प्रिंसिपल। हर स्वरूप काबरा को भी सम्मानित किया गया। काबरा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रिंसिपल बतौर उत्कृष्ट सेवाएं दी थी। समारोह में सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक व्याख्याता केसर सिंह रावत

जो अपने जमाने के प्रसिद्ध व सख्त अनुशासन वाले शारीरिक शिक्षक थे जिसके कारण उनके अधिकतर शिष्य अपने अपने क्षेत्रों में सफलता के शिखर तक पहुंचे । उन्हें याद किया गया। उनके पुत्र शिक्षाविद् नरेन्द्र सिंह रावत को भी सम्मानित किया गया । रावत शैक्षणिक संस्थानों के संस्थापक, मोटिवेशनल स्पीकर,एन एल पी , न्यूरो कोच एवं न्यूमेरोलोगिस्ट है।एवं समाज के विभिन्न वर्गों में समाज सेवा में अग्रणी रहते हैं। लोकार्पण समारोह में शिक्षाविद् भगवान स्वरूप यादव, भाजपा देहात जिला उपाध्यक्ष सुनीता यादव, भाजपा जिला प्रकोष्ठ संयोजक नरेंद्र सिंह रावत , एसीबीओ नीलम जोशी,भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह रावत, अतिथि गण गौरव बाहेती,अनूप राठी, हरिओम यादव, बाल स्वरूप चौधरी ,जगदीश झंवर ,गौरव बाहेती,तेजपाल जोशी, नरेंद्र मिश्रा, राजेन्द्र जोशी, अंकुश राठी कन्हैयालाल वैष्णव,मौजूद रहे।

## रियासतकालीन पब्लिक पार्क में लोटस टॉय ट्रेन पार्क में टॉय ट्रेन एवं लोटस पार्लर का शुभारम्भ

**चमकता राजस्थान**

बीकानेर। बीकानेर के रियासतकालीन पब्लिक पार्क में लोटस टॉय ट्रेन पार्क में टॉय ट्रेन एवं लोटस पार्लर का शुभारम्भ हुआ है। कार्यक्रम में अतिथियों ने फीता खोलकर इन दोनों सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजकीय नेत्रहीन छात्रावासित उच्च माध्यमिक विद्यालय के नेत्रहीन विद्यार्थियों व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सादुलगंज के विद्यार्थियों ने टॉय ट्रेन की निःशुल्क राईड का आनन्द लिया। शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व आगंतुकों के लिये अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। पार्क में आने वाले अन्य बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने ट्रेन की सवारी का आनंद लेते हुए खुशी जाहिर की। बीकानेर विकास प्राधिकरण एवं मोदी डेयरी के मध्य हुए एमओयू के तहत मोदी डेयरी द्वारा विकसित किये जा रहे इस टॉय ट्रेन पार्क को बीकानेर में आकर्षण का नया केंद्र माना जा रहा है।



कार्यक्रम के दौरान पार्क परिसर में लोगों की अच्छी-खासी मौजूदगी रही। इसके साथ ही लोटस पार्लर के शुभारम्भ से आगंतुकों को एक नई सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर लोटस डेयरी के निदेशक अविनाश मोदी ने बताया कि टॉय ट्रेन को बच्चों की सुविधा और मनोरंजन को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। टॉय ट्रेन में बच्चों के साथ अभिभावक भी सवारी का आनंद ले सकेंगे। निकट भविष्य में लोटस पार्क में आगंतुकों के लिए खान पान व विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। सुनीलम ने बताया कि इस अवसर पर अतिथियों ने पार्क में मनोरंजन की नई सुविधाएं जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि इससे पब्लिक पार्क में आने वाले लोगों को बेहतर अनुभव मिलेगा। टॉय ट्रेन ने पार्क में घूमने आने वाले लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पार्क में नई सुविधा शुरू होने से स्थानीय लोगों को मनोरंजन का एक और विकल्प मिला है। टॉय ट्रेन और लोटस पार्लर के शुरू होने से पब्लिक पार्क की रौनक बढ़ गई। कार्यक्रम में हनुमान प्रसाद चम्पा देवी ग्रुप की मोदी डेयरी, लोटस डेयरी, मैसर्स अमर प्रताप डवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड व एच पी मोदी स्कूल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के आभार के साथ हुआ।

## संयुक्त निदेशक ने किया ओसियां गौशाला का निरीक्षण

● **गोवंश के स्वास्थ्य, चारा-पानी व व्यवस्थाओं का लिया जायजा, रामसा वाटिका में औषधीय व फलदार पौधे लगाए**



**चमकता राजस्थान** राजू भाई सागासनी/ब्यूरो चीफ जोधपुर/ओसियां। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. संजय कृष्ण व्यास के नेतृत्व में बुधवार को पशुपालन विभाग की टीम ने ओसियां गौशाला का निरीक्षण किया। टीम में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हनुमान सियाग, उपनिदेशक डॉ. अजय पंवार एवं सहायक पशु प्रसार अधिकारी पुखराज जानी सहित विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गौशाला में गोवंश के स्वास्थ्य, चारा-पानी, पशु आहार तथा रिकॉर्ड सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान गौशाला प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

इसके बाद गोपालन विभाग के दिशा-निर्देशानुसार एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गौशाला के वेटवासिया परिसर स्थित रामसा वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंवला, कचनार, सहजन, गुड़हल, शीशम, गूगल सहित विभिन्न औषधीय एवं फलदार पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक पौधारोपण का संदेश दिया।

इस अवसर पर गौशाला सचिव भगवानदास राठी, कोषाध्यक्ष एवं प्राणी मित्र हरनारायण सोनी, मुरलीधर चांडक, कुन्नाराम जानी, पंडित रमाकांत, डालाराम बेनीवाल, गोरधन राम, राजेंद्र खीचड़, पीराराम जानी, चुन्नी देवी, रामदेव तिवाड़ी सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस दौरान गो-पूजन कर सर्वत्र सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।

# जोधपुर की पूजा राठौड़ बनीं भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल रेफरी

## भारतीय हैंडबॉल के लिए ऐतिहासिक, गौरवमयी और अभूतपूर्व दिन

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 16 सितंबर। बारा खुर्द (जोधपुर) में जन्मी एवं वर्तमान में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत श्रीमती पूजा राठौड़ ने वह कर दिखाया है जो आज तक भारतीय हैंडबॉल इतिहास में कोई नहीं कर पाया। श्रीमती पूजा राठौड़ भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल महासंघ (आईएचएफ) की रेफ़री बन गई। यह गौरव आज तक भारत के किसी भी पुरुष या महिला रेफरी को प्राप्त नहीं हुआ था।

इसी ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत आईएचएफ ने श्रीमती पूजा राठौड़ को 16 से 20 सितंबर तक ग्रेनोलर्स, स्पेन में आयोजित हो रही चौथी आईएचएफ व्हीलचेयर हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऑफिशिएट करने के लिए आधिकारिक नियुक्ति प्रदान की है। वे इस प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप के लिए ग्रेनोलर्स-स्पेन पहुंच चुकी हैं। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की अध्यक्ष श्रीमती अल्का दास गुप्ता ने बताया कि यह उपलब्धि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की दूरदर्शी सोच, प्रोफेशनल कार्यशैली और पारदर्शी प्रणाली का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पिछले कुछ वर्षों में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया ने रेफरी, कोच और खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेमिनार, वर्कशॉप, फिटनेस टेस्ट और आईएचएफ नियमों पर आधारित प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए हैं, उसी का परिणाम आज इस ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में सामने आया है।





हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि यह सिर्फ एक रेफरी की नियुक्ति नहीं है, यह भारतीय हैंडबॉल के नए युग की शुरुआत है। हमारा एक ही लक्ष्य है भारतीय हैंडबॉल को विश्व मानचित्र पर स्थापित करना। पूजा राठौड़ का आईएचएफ बैज प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में काम करने से परिणाम अवश्य आते हैं।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने कहा कि इस सफलता में राजस्थान स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की भी अहम भूमिका रही है। राजस्थान एसोसिएशन ने जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को खोजने, उन्हें तराशने और विशेषकर महिला रेफरियों को आगे बढ़ाने के लिए जो निरंतर प्रयास किए हैं, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है। पूजा राठौड़ उसी मेहनत और सिस्टम का परिणाम हैं।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की अध्यक्ष श्रीमती अल्का दास गुप्ता, कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडेय, महासचिव डॉ. तेजराज सिंह, राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष श्री ललित कुमार कालाल एवं मानद सचिव श्री यश प्रताप सिंह ने श्रीमती पूजा राठौड़ को इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं विश्व चैंपियनशिप के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## दौसा में 17 सितम्बर से शुरू होगा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

● **2 अक्टूबर तक गांव-गांव चलेगा स्वच्छता का महाअभियान, युवाओं और विद्यार्थियों की भागीदारी पर रहेगा विशेष जोर**

**चमकता राजस्थान** दौसा, 16 सितम्बर। स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने और आमजन में स्वच्छता के प्रति स्थायी जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा (रत्नर-2026)' अभियान चलाया जाएगा। अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' रखी गई है। इसके तहत जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक और ग्राम स्तर तक विभिन्न स्वच्छता एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

● **अधिकारियों को दिए प्रभावी आयोजन के निर्देश**

अभियान की तैयारियों को लेकर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में पंचायत समिति विकास अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गतिविधियां समयबद्ध रूप से आयोजित करने और इनमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अनूठी पहल से मिला व्हीलचेयर और मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, अब आसान होगी स्कूल तक पहुंच

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सजगता से बदली 11 वर्षीय दिव्यांग बालक की राह

चमकता राजस्थान

ब्यावर, 16 सितम्बर। संवेदनशीलता, सजगता और त्वरित पहल से किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ब्यावर की अनूठी पहल ने 11 वर्षीय अनाथ दिव्यांग बालक विनोद सिंह रावत के जीवन में उम्मीद और आत्मविश्वास की नई किरण जगाई है।

झाला की चौकी निवासी विनोद सिंह रावत अपने चाचा-चाची के पास रहकर जीवन यापन कर रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से विभाग को एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें बालक सड़क पर घुटनों के बल चलते हुए स्कूल जाता दिखाई दिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सजगता से इस वीडियो को गंभीरता से लेते हुए बालक की स्थिति की जानकारी ली गई और उसे आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ब्यावर विशाल सिंह सोलंकी ने बालक से संपर्क



कर उसकी आवश्यकता की जानकारी ली। विभाग की ओर से 14 अगस्त 2026 को विनोद को एक व्हीलचेयर एवं बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई।

सहायता मिलने के बाद विनोद के लिए स्कूल तक पहुंचना पहले की तुलना में आसान हो गया है। अब उसे सड़क पर घुटनों के बल चलकर स्कूल जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। सहायता से उसके चेहरे पर खुशी के साथ आत्मविश्वास भी नजर आया।

विनोद और उसके परिजनों ने विभाग की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। यह पहल इस बात का उदाहरण है कि प्रशासन की सजग निगाह और संवेदनशील सोच किसी जरूरतमंद तक सरकारी सहायता पहुंचाकर उसके जीवन की राह बदल सकती है।

सजगता से संवेदना और संवेदना से समाधान विनोद की कहानी केवल एक सहायता की कहानी नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सजगता, संवेदनशीलता और अनूठी पहल की मिसाल है। एक सोशल मीडिया वीडियो से शुरू हुई पहल ने एक दिव्यांग बालक को आवागमन का साधन उपलब्ध कराया और उसके शिक्षा के अधिकार तथा आत्मनिर्भरता की राह को आसान बनाया। व्हीलचेयर और मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल विनोद के लिए महज उपकरण नहीं, बल्कि स्कूल, शिक्षा और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने के नए साधन बन गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोठारी परिवार.. कि पुत्र वधू पुत्री ने किये नौ उपवास की तपस्या पर निकला वरघोड़ा....

**चमकता राजस्थान** धरियावद। नगर के जैन श्वेतांबर समाज में समाज सेवी प्रदीप कोठारी के पुत्र विपिन कि पत्नी कविता एवं पुत्र किशोर कि पुत्री कशीश कोठारी परिवार की पुत्रवधू एवं पुत्री ने नौ उपवास की कठिन तपस्या पूर्ण की। तपस्या पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाजजनों एवं परिजनों द्वारा वरघोड़ा निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से प.पू. साध्वी विपुल प्रज्ञा श्रीजी म.सा., प्रियवर्षा श्रीजी म.सा. एवं मोक्षवर्षा श्रीजी म.सा. का सानिध्य मे . होकर गुजरा।

वरघोड़े में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने तपस्वियों का अभिनंदन कर उनकी तपस्या की अनुमोदना की। धार्मिक वातावरण में निकले वरघोड़े का जगह-जगह स्वागत किया गया। जैन समाज के लोगों ने तपस्या को आत्मशुद्धि एवं संयम का प्रतीक बताते हुए तपस्वियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

### शेषनाग आसन पर विराजे बप्पा, 1101 दीपों से उतारी भव्य महाआरती

- **चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 10 स्थित हनुमान वाटिका में विधि-विधान से हुई गणेश स्थापना**



**चमकता राजस्थान** घनश्याम/कुड़ी भगतासनी जोधपुर। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 10 स्थित हनुमान वाटिका में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेशजी की स्थापना विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धूमधाम से की गई। इस अवसर पर भगवान गणेश की आकर्षक एवं अनूठी प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रतिमा में बप्पा शेषनाग के आसन पर विराजमान हैं।

गणेश स्थापना के अवसर पर सुबह से ही भगवान श्री गणेश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

वहीं शाम को हनुमान वाटिका में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में 1101 दीप प्रज्वलित कर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की आराधना की। दीपों की रोशनी से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणेश भक्त उपस्थित रहे।

### गोवर्धन परिक्रमा कर रही महिला ने नहीं दी भीख, तो सिरफिरे ने काट दी नाक; मथुरा में सनसनीखेज वारदात से हड×कंप

**मथुरा/एजेंसी।** धर्मनगरी मथुरा के गोवर्धन में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है। गोवर्धन पर्वत की पवित्र परिक्रमा कर रही मुंबई की एक 30 वर्षीय महिला पर अज्ञात शख्स ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने पहले महिला से भीख मांगी थी, लेकिन महिला द्वारा अनदेखा किए जाने पर उसने अचानक हमला बोलकर महिला की नाक काट दी। इस खौफनाक हमले के बाद परिक्रमा मार्ग में भारी अफरा-तफरी मच गई।

- **मूल रूप से मुंबई की रहने वाली हैं मोनिका, 6 महीने से गोवर्धन में थीं**

पुलिस के अनुसार, यह सनसनीखेज घटना गोवर्धन पहाड़ी की तलहटी में हुई। घायल पीड़िता की पहचान 30 वर्षीय मोनिका के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मुंबई की रहने वाली हैं। वह पिछले करीब छह महीने से गोवर्धन में ही रहकर भक्ति-साधना कर रही थीं और रोजाना नियमित रूप से गिरिराज जी की परिक्रमा करती थीं।

## न घर के रहे न घाट के!

# ममता बनर्जी से अलग हुए 17 सांसदों को बीजेपी ने भी एंट्री देने से किया साफ इनकार

कोलकाता/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस वक्त जबरदस्त सियासी भूचाल आ गया, जब तृणमूल कांग्रेस से बगावत करने वाले एक सांसद ने दावा कर दिया कि 17 बागी सांसद जल्द ही भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने जा रहे हैं। हालांकि, बंगाल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए बागी नेताओं की एंट्री पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने साफ लफ्जों में कह दिया है कि भाजपा केवल इसलिए किसी को पार्टी में जगह नहीं देगी क्योंकि वह इसमें शामिल होना चाहता है।



- **20 बागियों के कुनबे में भी दरार, तीन सांसदों ने पहले ही खींचे हाथ**

बगावत करने वाले 20 सांसदों के कुनबे में काकोली घोष दस्तीदार, सुदीप बंदोपाध्याय, सायोनी घोष, शताब्दी रॉय और अबू ताहेर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। हालांकि, इस गुट के भीतर भी मतभेद खुलकर सामने आ चुके हैं। सांसद अबू ताहेर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह, पूर्व क्रिकेटर व सांसद यूसुफ पठान और खलीलुर रहमान भाजपा में कतई शामिल नहीं होंगे। अब भाजपा की ओर से दो टूक इनकार किए जाने के बाद पाला बदलने की तैयारी कर रहे इन बागी सांसदों के सामने बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा हो गया है।

# पतंजलि के घी को 'नकली' बताना बृजभूषण सिंह को पड़ा भारी, बाबा रामदेव ने ठोका 50 करोड़ का मानहानि केस

इंदौर/एजेंसी।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 50 करोड़ रुपये का भारी-भरकम मानहानि का मुकदमा दायर किया है। यह कानूनी विवाद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा सार्वजनिक मंचों से पतंजलि के देसी घी की गुणवत्ता पर सवाल उठाने और उसे कथित तौर पर 'नकली' करार देने के बाद उपजा है।

» मध्य प्रदेश हाईकोर्ट पहुंचा विवाद, 18 सितंबर को अगली सुनवाई

इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई मंगलवार, 15 सितंबर को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान बृजभूषण शरण सिंह की ओर से उनके अधिवक्ता ने अदालत में वकालतनामा पेश किया और कंपनी के दावों पर अपना विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की। अदालत ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 सितंबर की तारीख मुकर्रर कर दी है। पतंजलि फूड्स लिमिटेड का कॉर्पोरेट कार्यालय इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में स्थित होने के कारण कंपनी ने यह मानहानि वाद इंदौर में ही दायर किया है।

» कंपनी का दावा: शेयर मूल्य गिरा और ब्रांड छवि को हुआ भारी नुकसान

अदालत में पतंजलि फूड्स की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता विक्रम मालवीय ने दलील दी कि पूर्व सांसद के गैर-जिम्मेदाराना और बेबुनियाद बयानों से कंपनी की वर्षों पुरानी साख और ब्रांड इमेज को गहरा धक्का पहुंचा है। कंपनी ने अदालत को बताया कि इस बयानबाजी के सार्वजनिक होने के बाद बाजार में पतंजलि के शेयरों के भाव प्रभावित हुए, जिससे कंपनी को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। जिला अदालत में शुरुआती सुनवाई और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को लेकर उपजे विवाद के बाद अब यह मामला हाईकोर्ट के विचाराधीन है।

» साल 2022 से चल रही है जुबानी जंग

बृजभूषण शरण सिंह और पतंजलि समूह के बीच तनातनी का यह सिलसिला काफी पुराना है। साल 2022 में भी पूर्व सांसद ने खुले मंच से पतंजलि के घी को नकली बताते हुए लोगों को घर में गाय-भैंस पालने की नसीहत दी थी।

## जयपुर संभाग में स्काउट-गाइड गतिविधियों को मिलेगी नई गति

- **प्रशासनिक रुकावटों के समाधान को लेकर राज्य आयुक्त मंजू शर्मा से संगठन पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण वार्ता**




**चमकता राजस्थान** जयपुर/अलवर हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की जयपुर संभाग के सभी जिलों में स्काउट-गाइड गतिविधियों के सुचारू संचालन तथा गतिविधियों के दौरान सामने आ रही प्रशासनिक समस्याओं के समाधान को लेकर संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य आयुक्त, जयपुर श्रीमती मंजू शर्मा से महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक वार्ता हुई।

वार्ता में संभाग के सभी जिलों में विद्यालय स्तर पर स्काउट-गाइड गतिविधियों के नियमित संचालन, विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा गतिविधियों के संचालन में आ रही प्रशासनिक रुकावटों पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन पदाधिकारियों ने गतिविधियों को व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक बिंदुओं से राज्य आयुक्त को अवगत कराया।

इस दौरान सहायक राज्य संगठन आयुक्त मनोज कुमार त्रिवेदी, जिला ऑर्गेनाइजर जयपुर मुकेश कुमार सैनी, जिला ऑर्गेनाइजर अलवर सौरभ वर्मा तथा जिला प्रभारी खैरथल-तिजारा आकाश शर्मा, जिला सचिव गोविंद लपाला सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

श्रीमती मंजू शर्मा ने गतिविधियों के संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने जयपुर संभाग के सभी जिलों में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की गतिविधियों के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की बात कही।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि विभागीय सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलने से संभाग के विद्यालयों में स्काउट-गाइड गतिविधियों को गति मिलेगी। इससे अधिक से अधिक विद्यार्थी सेवा, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों में भाग ले सकेंगे।

# सशक्त महिला, सुरक्षित समाज' अभियान में साइबर ठगी से लेकर महिला अपराधों तक की दी जानकारी

## स्कूल-कॉलेजों में पहुंची दौसा पुलिस, 700 महिलाओं-छात्राओं को दिया सुरक्षा का पाठ

चमकता राजस्थान

दौसा। महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए दौसा पुलिस ने बुधवार को जिलेभर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

'सशक्त महिला, सुरक्षित समाज' अभियान के तहत पुलिस की अलग-अलग टीमों ने विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर करीब 700 महिलाओं एवं छात्राओं से संवाद किया।

जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित, आईपीएस के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पुलिस ने छात्राओं को महिला अपराधों से बचाव, नए आपराधिक कानूनों, महिला सशक्तिकरण और व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। छात्राओं को गुड टच-बैड टच, यातायात नियमों और मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया।



- **छह शिक्षण संस्थानों में पहुंची पुलिस**

पुलिस टीमों ने खवारावजी, खौंचपुरी, निकटपुरी, बैजूपाड़ा, गीजगढ़ और मंडावर के शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम किए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

दूसरी ओर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने दौसा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पीजी कॉलेज और नेहरू पार्क में पहुंचकर करीब 250 महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक किया।

# झीरम घाटी नक्सली हमला: एनआईए कोर्ट ने सभी 10 दोषियों को सुनाई फांसी की सजा

जगदलपुर/एजेंसी।

झीरम घाटी नक्सली हमले से जुड़े लंबे समय से चल रहे मामले में विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने बुधवार को 10 अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने यह फैसला भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120(बी), 121 और 149, शस्त्र अधिनियम की धारा 27 तथा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 3 और 16(अ) के तहत सुनाया।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मृत्युदंड पर तब तक अमल नहीं किया जाएगा, जब तक उच्च न्यायालय इसकी पुष्टि नहीं कर देता। न्यायालय ने अभियुक्तों को फैसले के खिलाफ 30 दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में अपील करने का अधिकार भी बताया है। इस तरह मामले में अब कानूनी प्रक्रिया का अगला चरण उच्च न्यायालय में अपील और मृत्युदंड की पुष्टि से जुड़ा होगा।

फैसला सुनाए जाने के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मामले में दोषी ठहराए गए अभियुक्तों के परिजन भी बड़ी संख्या में न्यायालय पहुंचे थे। जैसे ही अदालत ने मृत्युदंड की घोषणा की, परिजनों में नाराजगी और आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने फैसले को न्यायसंगत नहीं बताते हुए कहा कि वे इसके खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

- **उच्च न्यायालय की पुष्टि के बाद ही होगी सजा पर अमल**

सजा के निर्धारण को लेकर अदालत में अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता दिनेश पाणिग्रही ने कहा कि झीरम मामले में कुल 27 लोगों की हत्या हुई थी और यह अपराध अत्यंत गंभीर एवं विशिष्ट प्रकृति का है। उन्होंने अपराध की गंभीरता को सजा निर्धारण का प्रमुख आधार बताते हुए अभियुक्तों को अधिकतम सजा दिए जाने की मांग की।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने अभियुक्तों के लिए न्यूनतम सजा की मांग की। उन्होंने अदालत के समक्ष दलील दी कि अभियुक्त लंबे समय से जेल में बंद हैं और जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाना चाहिए। बचाव पक्ष ने सरकार की ओर से 31 मार्च के बाद नक्सलवाद समाप्त होने संबंधी घोषणा का भी हवाला दिया। उनका तर्क था कि मौजूदा परिस्थितियों में यदि अभियुक्त जेल से बाहर आते हैं तो वे नक्सली गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसलिए उन्हें आगे भी कारावास में रखने के बजाय रिहाई पर विचार किया जाना चाहिए।

# दूसरा टी20: संजू-अभिषेक के बीच 88 रन की तूफानी साझेदारी

## 7 विकेट से जीता भारत, सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया दूसरा टी20 मैच 7 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाना है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी अफगान टीम ने खराब शुरुआत के बावजूद 8 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इस टीम को 1.3 ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज (0) के रूप में शुरुआती झटका लगा। उस समय तक खाता भी नहीं खुला था। इसके बाद कप्तान इब्राहिम जादरान ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन जुटाकर अफगानिस्तान को संभालने की कोशिश की, लेकिन जादरान (37) के आउट होने के बाद टीम लड×खड़ा गई। आलम ये रहा कि 100 के स्कोर तक 6 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए।

यहां से मोहम्मद नबी (20) और राशिद खान (28) की अनुभवी जोड़ी ने मोर्चा संभाला। इन बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 28 गेंदों में 48 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

भारत के लिए नितीश रेड्डी ने 3 विकेट हासिल किए, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट निकाले। इनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट हाथ लगा।

इसके जवाब में, टीम इंडिया ने 14.5 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाडियों ने 38 गेंदों में 88 रन की साझेदारी की।

अभिषेक 19 गेंदों में 4 छक्कों और 2 चौकों के साथ 39 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद संजू ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 4 गेंदों में 11 रन की साझेदारी की।

भारत को 99 के स्कोर पर संजू सैमसन के रूप में दूसरा झटका लगा, जो 22 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 7 चौके शामिल रहे।

यहां से ईशान ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 24 रन जुटाए। अय्यर 11 गेंदों में इतने ही रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद ईशान ने तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 25 गेंदों में 40 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। ईशान 23 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 38 रन बनाकर आउट हुए, जबकि तिलक वर्मा ने 14 गेंदों में नाबाद 15 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए तीनों विकेट राशिद खान ने हासिल किए।




### कैटी मैक का तूफान, भारतीय टीम को 30 रन से मात देकर ऑस्ट्रेलिया-ए की सीरीज में अजेय बढ़त

**न्यू चंडीगढ़/एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत-ए के खिलाफ मंगलवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए अनाधिकारिक टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को 30 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया-ए ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट से अपने नाम किया था। अब अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को खेला जाएगा। मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। कैटी मैक और रेचल ट्रेनामन की जोड़ी ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाडियों के बीच पहले विकेट के लिए 9 ओवरों में 75 रन की साझेदारी हुई। रेचल 25 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद कैटी ने चार्ली नॉट के साथ दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े।

चार्ली 20 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 26 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से अनिका लीरॉयड ने कैटी के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन जुटाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। कैटी 60 गेंदों में 83 रन बनाकर नाबाद रहीं। उनकी इस पारी में 11 चौके शामिल रहे, जबकि अनिका ने 16 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी खेली। भारत की तरफ से दोनों विकेट निकी प्रसाद के हाथ लगे।

इसके जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। टीम को 9 के स्कोर पर दिनेश वृंदा (1) के रूप में शुरुआती झटका लगा, जिसके बाद शिप्रा गिरी ने सुजाता के साथ दूसरे विकेट के लिए 16 रन की साझेदारी की, लेकिन 29 के स्कोर तक सुजाता (8) के साथ शिप्रा (13) भी पवेलिन लौट गईं।

# पहला वनडे : रेनेशॉ का शतक

## एलिस का पंजा, ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया

हरारे/एजेंसी।

ऑस्ट्रेलिया ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मंगलवार को खेले गए पहले वनडे मैच में जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। सीरीज के शेष मुकाबले 18 और 20 सितंबर को खेले जाने हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 294 रन बनाए। इस टीम को 10 के स्कोर पर ट्रेविस हेड (4) के रूप में पहला झटका लग गया था, जिसके बाद कप्तान मिचेल मार्श ने कूपर कोनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। मार्श 28 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों के साथ 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद जोश इंगलिस मैदान पर उतरे, लेकिन टीम के खाते में 4 रन से ज्यादा नहीं जोड़ सके। हालांकि, कूपर (51 रन) अर्धशतक लगाने में सफल रहे।

टीम को 107 के स्कोर पर चौथा झटका लग गया था। यहां से मैट रेनेशॉ ने एलेक्स कैरी के साथ पांचवें विकेट के लिए 72 रन जुटाए, जबकि ओलिवर पीक के साथ छठे विकेट के लिए 75 रन जोड×कर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

कैरी 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रेनेशॉ ने 94 गेंदों में 3 छक्कों और 7 चौकों के साथ 109 रन की पारी खेली। यह उनके वनडे करियर का पहला शतक रहा। ओलिवर ने टीम के खाते में 30 रन का योगदान दिया।

विपक्षी खेमे से न्यूमैन न्याम्हुरी ने 9 ओवरों में 62 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि ब्रैड इवांस ने 2 विकेट निकाले। एक विकेट कप्तान सिकंदर रजा के हाथ लगा।

इसके जवाब में, जिम्बाब्वे की टीम 45.1 ओवरों में 235 रन पर सिमट गई। टीम ने 1 रन पर बेन करन (0) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद ब्रायन बेनेट (25) ने इनोसेंट काइया (18) के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की, लेकिन इस जोड़ी के टूटने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि 62 के स्कोर तक 4 विकेट गिर गए। हालांकि, यहां से क्रेग इर्विन ने कप्तान सिकंदर रजा के साथ पांचें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी करते हुए टीम की उम्मीदों को जीवित रखा था, लेकिन इस जोड़ी के टूटने के बाद मैच जिम्बाब्वे की पकड़ से निकल गया।



## व्यापार

### भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर ने जुटाया 1.4 अरब डॉलर का फंड : रिपोर्ट




**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर ने अब तक कुल 1.4 अरब डॉलर का फंड जुटाया है, जिसमें से आधी से ज्यादा कैपिटल 2025 के बाद जुटाई गई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। ट्रैक्क्सन टेक्नोलॉजीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में 3,557 कंपनियां शामिल हैं, जिनमें से 281 ने फंडिंग जुटाई है और 142 ने इक्विटी निवेश हासिल किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, हाल के वर्षों में फंडिंग की गतिविधियों में तेजी आई है, जिसमें बड़ी राशि वाले सौदों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। फंडिंग के दो सबसे बड़े राउंड सितंबर 2025 में आईएल जेआईएन इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा जुटाया गया 198 मिलियन डॉलर का प्राइवेट इक्विटी फंड और उसी महीने में टेसॉल्व सेमीकंडक्टर का 150 मिलियन डॉलर का प्राइवेट इक्विटी राउंड था।

इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज (ईएमएस) सबसे ज्यादा फंडिंग वाला बिजनेस सेगमेंट बनकर उभरा है। इसने 2025 से अब तक 313 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, जिसमें पिछले 12 महीनों में जुटाए गए 89 मिलियन डॉलर भी शामिल हैं। इसके बाद एम्बेडेड हार्डवेयर का नंबर आता है, जिसने 2025 से अब तक 51.9 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, यह पूरी रकम पिछले 12 महीनों में ही हासिल की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, निवेशकों का ध्यान खींचने वाले अन्य प्रमुख क्षेत्रों में पावर मैनेजमेंट इंटीग्रेटेड सर्किट और फैबलैस सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं। सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए बेंगलुरु मुख्य केंद्र बना रहा, जहां 626 कंपनियां हैं, जो कुल इकोसिस्टम का लगभग 18 प्रतिशत है। इस शहर की हिस्सेदारी इस सेक्टर द्वारा अब तक जुटाई गई कुल इक्विटी फंडिंग में लगभग 40 प्रतिशत रही है। नोएडा, गुरुग्राम, कोच्चि और हैदराबाद भी प्रमुख सेमीकंडक्टर क्लस्टर में शामिल रहे।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2026 में अब तक इस सेक्टर में 62 अधिग्रहण और 42 इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह डेटा भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को दिखाता है, क्योंकि देश चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन में अपनी घरेलू क्षमताओं को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

इसके अलावा, सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स का उत्पादन 2014-15 में लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपए से बढ×कर 2025-26 में 13.11 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि इसी दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात लगभग 38,000 करोड़ रुपए से बढ×कर 4.24 लाख करोड़ रुपए हो गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, इसी अवधि में मोबाइल फोन का उत्पादन 18,000 करोड़ रुपए से बढ×कर 6.27 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि मोबाइल फोन का निर्यात लगभग 1,500 करोड़ रुपए से बढ×कर 2.59 लाख करोड़ रुपए हो गया।

# भारत का वस्तु निर्यात अगस्त में 26 प्रतिशत बढ़ा, व्यापार घाटे में आई कमी

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.1 प्रतिशत बढ×कर 43.81 अरब डॉलर हो गया है। यह निर्यात में देश का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। यह इस बात की भी पुष्टि करता है कि देश का निर्यात क्षेत्र लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है। यह जानकारी सरकार की ओर से मंगलवार को दी गई।

इस दौरान देश के व्यापार घाटे में भी कमी देखने को मिली है, जो कि अगस्त में 26.86 अरब डॉलर पर रहा है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 27.22 अरब डॉलर पर था। इस साल जुलाई में व्यापार घाटा 32 अरब डॉलर था। अगस्त में वस्तु आयात सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ×कर 72.67 अरब डॉलर पर रहा है, जो कि इस साल जुलाई में 76.22 अरब डॉलर था। मासिक आधार पर अगस्त में निर्यात में भी कमी दर्ज की गई है, जो कि जुलाई में 44.24 अरब डॉलर पर था।

वाणिज्य मंत्रालय में सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, निर्यात में बढ़ोतरी इंजीनियरिंग के सामान, पेट्रोलियम उत्पादों, केमिकल और टेक्सटाइल की वजह से हुई और इनकी सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, ईयू और ब्रिक्स देशों से थी। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अगस्त में सोने का आयात गिरकर 2.3 अरब डॉलर रह गया, जो अगस्त 2025 के 5.4 अरब डॉलर के आंकड़े से आधे से भी कम था। आरबीआई के इस महीने की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) 4.2 अरब डॉलर रहा।




पश्चिमी एशिया संकट के कारण ग्लोबल मार्केट में तेल, एलपीजी और फर्टिलाइजर की कीमतें बढने् के बावजूद यह जीडीपी का 0.5 प्रतिशत बना रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में सीएडी का अनुमान जीडीपी का 0.4 प्रतिशत था।

ब्लूमबर्ग के डेटा के अनुसार, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट (बैंक) या एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट स्कीम की वजह से डॉलर के इनफ्लो में जबरदस्त बढ़ोतरी के बाद, भारत दुनिया में विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है।

डेटा से पता चलता है कि 4 सितंबर को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 44.9 अरब डॉलर बढ×कर रिकॉर्ड 785.7 अरब डॉलर हो गया, जिससे भारत ने रूस को चौथे स्थान से हटा दिया और अब वह चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद चौथे स्थान पर है।

# एनएचएआई की 1033 हेल्पलाइन होगी हाईटेक, एआई और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग से मिलेगी त्वरित मदद

नई दिल्ली /एजेंसी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सोमवार को कहा कि वह यात्रियों को तेज और बेहतर सहायता उपलब्ध कराने के लिए मौजूदा 1033 राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन को अत्याधुनिक तकनीकों से अपग्रेड करने की योजना बना रहा है।

सड×क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, अपग्रेड की गई 1033 हेल्पलाइन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग और स्मार्ट इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा।

एनएचएआई ने एक बयान में कहा कि इन सुधारों से 1033 हेल्पलाइन कॉल करने वाले व्यक्ति की सटीक लोकेशन पहचान सकेगी, भारतीय भाषाओं में की गई कॉल को समझ सकेगी और जरूरत के अनुसार सहायता को अधिक तेजी से मौके तक भेज सकेगी।

हालांकि, आपातकालीन परिस्थितियों में जहां मानवीय निर्णय और समझ जरूरी होती है, वहां मानव ऑपरेटरों की भूमिका पहले की तरह महत्वपूर्ण बनी रहेगी।

एनएचएआई द्वारा प्रोत्साहित कंपनी इंडियन हाईवेज मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने अगली पीढ़ी की 1033 हेल्पलाइन और कॉल सेंटर के विकास, डिजाइन, संचालन और रखरखाव के लिए कंपनियों और समूहों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किया है।




आईएचएमसीएल इस नई प्रणाली को विकसित करने के लिए उद्योग विशेषज्ञों से सुझाव और तकनीकी राय भी प्राप्त करेगा, ताकि एक भरोसेमंद, विस्तार योग्य और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रणाली तैयार की जा सके। इसके लिए उद्योग जगत की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को भी ध्यान में रखा जाएगा।


अपग्रेड की गई 1033 हेल्पलाइन से राष्ट्रीय राजमार्गों पर सहायता सेवाएं अधिक तेज, बेहतर समन्वित और यात्रियों के लिए सुविधाजनक होने की उम्मीद है। तकनीक और मानवीय सहयोग के बेहतर तालमेल के जरिए एनएचएआई देशभर के राजमार्ग उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाना चाहता है।

नई व्यवस्था के तहत कॉल प्राप्त करने और जरूरत वाली जगह पर सहायता भेजने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। कॉल करने वाले की लोकेशन रियल-टाइम में प्राप्त होने से आपातकालीन टीमें तेजी से मौके पर पहुंच सकेंगी। एआई की मदद से विभिन्न भारतीय भाषाओं में की गई कॉल को समझा जा सकेगा।

इसके अलावा, स्मार्ट और इंटेलिजेंट सिस्टम यह तय करने में मदद करेंगे कि किसी घटना स्थल पर कौन सी सेवा सबसे उपयुक्त रहेगी, जैसे एम्बुलेंस, क्रेन या गश्ती वाहन। यह प्रणाली राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को दुर्घटनाओं और अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में समय पर जानकारी और सलाह भी उपलब्ध कराएगी।

# 2 करोड़ की हनुमान अंश ने बटोरे 279 करोड़

## बनी तीसरी सबसे बड़ी हिट फिल्म, मिर्ज़ापुर मूवी 300 करोड़ क्लब की ओर




**मुंबई/एजेंसी**

विशाल चतुर्वेदी की भक्ति प्रधान फिल्म 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार सफलता से बड़ी बजट वाली फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। महज 2 करोड़ रुपये के मामूली बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 279.80 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इसके साथ ही यह 2026 में दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी हिंदी फिल्म बन गई है।

खास बात यह है कि फिल्म ने महज 10 लाख रुपये की शुरुआती कमाई के साथ अपना सफर शुरू किया था। इसके बाद दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते फिल्म ने लगातार मजबूत प्रदर्शन किया और अब 300 करोड़ रुपये के वैश्विक कारोबार के बेहद करीब पहुंच गई है।

'हनुमान अंश' ने कमाई के मामले में 'मिर्जापुरः द मूवी' और 'भूत बंगला' जैसी चर्चित फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। इस साल अब तक केवल 'धुरंधर 2' और 'बॉर्डर 2' ही इससे अधिक कमाई करने में सफल रही हैं।

फिल्म का छठा सप्ताह भी बेहद शानदार रहा। सप्ताह के आखिरी तीन दिनों में फिल्म ने 51 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया। इसके साथ भारत में इसकी कुल कमाई 222.88 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। विदेशों में भी फिल्म को दर्शकों का अच्छा समर्थन मिला है और वहां से करीब 16.50 करोड़ रुपये की कमाई हुई है।

बड़ी बजट वाली फिल्मों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद 'हनुमान अंश' की कमाई लगातार जारी है। फिल्म की सफलता में दर्शकों की सकारात्मक मौखिक प्रतिक्रिया को अहम वजह माना जा रहा है। शुरुआती दिनों में धीमी शुरुआत के बाद फिल्म ने जिस तरह अपनी पकड़ मजबूत की, उसने कारोबार के लिहाज से इसे 2026 की सबसे बड़ी सफल फिल्मों में शामिल कर दिया है।

पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु अभिनीत 'मिर्जापुरः द मूवी' ने भी सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। रिलीज के 11वें दिन तक फिल्म ने भारत में करीब 225 करोड़ रुपये की सकल कमाई कर ली है। दुनिया भर में इसका कारोबार अब 275 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है।

फिल्म की भारत में शुद्ध कमाई 195 करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। वहीं, 11वें दिन तक भारत में इसकी सकल कमाई लगभग 225 करोड़ रुपये रही। दूसरे सप्ताह में फिल्म की कमाई की रफ्तार कुछ धीमी जरूर हुई है, लेकिन अब भी इसका प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है।

'मिर्जापुरः द मूवी' को अपनी लोकप्रिय फ्रैंचाइजी की पहले से स्थापित लोकप्रियता का लाभ मिल रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, फिल्म के हिंदी संस्करण ने भारत में करीब 223 करोड़ रुपये की सकल कमाई की है, जबकि तेलुगु संस्करण से लगभग 2 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। इस तरह भारत में फिल्म की कुल सकल कमाई 225 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है।

फिल्म की सफलता यह भी दिखाती है कि लोकप्रिय धारावाहिक से बनी इस फ्रैंचाइजी की पकड़ केवल धारावाहिक देखने वाले दर्शकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बड़े पर्दे पर भी इसे दर्शकों का मजबूत समर्थन मिल रहा है।

दुनियाभर में करीब 275 करोड़ रुपये की कमाई के साथ 'मिर्जापुरः द मूवी' 2026 की बेहतर प्रदर्शन करने वाली हिंदी फिल्मों में शामिल हो गई है। भारत में इसके 250 करोड़ रुपये की सकल कमाई का आंकड़ा पार करने की संभावना बनी हुई है।

हालांकि, दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के लिए दूसरे सप्ताह के बाद फिल्म की कमाई की रफ्तार महत्वपूर्ण होगी। वहीं, 'हनुमान अंश' के 279.80 करोड़ रुपये तक पहुंचने से दोनों फिल्मों के बीच कमाई की प्रतिस्पर्धा भी दिलचस्प हो गई है।

# श्वेता पंडित का वेनिस में धमाकेदार डेब्यू, निर्देशक भी हुए कायल

**मुंबई/एजेंसी**

श्वेता पंडित, जिन्हें कई हिंदी फिल्मों में उनके गानों और बिजय नांबियार की फिल्म डेविड और अनिल कपूर के साथ 24 जैसी सीरीज में अभिनय के लिए जाना जाता है, अब अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म सक्सेडेरा क्वेस्टा नॉटे के साथ दुनिया के मंच पर बड़ा कदम रख चुकी हैं।

यह फिल्म हाल ही में वेनिस फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुई है। इस फिल्म से श्वेता का जुडऩा उनके पति इवानो फुची की बदौलत मुमकिन हो पाया, जिन्होंने इंडियाना प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला था।

श्वेता ने बताया कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए एक शानदार अनुभव रहा, खासकर मुंबई आकर काम करने वाली इंटरनेशनल प्रोडक्शन टीम के साथ।

फिल्म के निर्देशक नानी मोरे-टी ने खुद उन्हें एक खास नोट भेजा, जिसमें उन्होंने श्वेता के दमदार अभिनय की जमकर तारीफ की।

अपने किरदार के लिए इटैलियन भाषा सीखना भी उनके लिए कोई छोटा काम नहीं था, इसमें उनके पति फुची ने काफी मदद की थी। यह फिल्म एशकोल नेवो के शॉर्ट-स्टोरी कलेक्शन द लोनली वंस पर आधारित है और इसमें लुई गैरिल और जैस्मिन ट्रिंका जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।



# विक्रम की पावर हाउस दिखने में फैमिली ड्रामा, गेट खुलते ही खून-खराबा, फैंस बोले- अपरिचित रिटर्न

**मुंबई/एजेंसी**

अभिनेता चियान विक्रम की अगली फिल्म चियान 63 के टाइटल का एलान हो गया है. इस फिल्म का नाम पावर हाउस है. फिल्म निर्माताओं ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर फिल्म का टाइटल प्रोमो जारी किया , जिसमें आनंद शंकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म की एक शानदार और धमाकेदार झलक दिखाई गई है.

प्रोमो में घरेलू ड्रामा, हास्य और हिंसा का एक अनोखा मिश्रण देखने को मिल रहा है. साथ ही विक्रम के किरदार के एक गहरे पहलू की ओर भी इशारा किया गया है. प्रोमो की शुरुआत में अभिनेता को एक पुराने जमाने के घर में केले से भरी डाली को ले जाते हुए दिखाया गया है. इसके बाद मेखा राजन, सुभाष सेल्वम और संयुक्ता हेगड़े को अपने-अपने काम पूरे करने के बाद विक्रम को रिपोर्ट करते हुए दिखाया गया है, जो एक खानपान सेवा के कारोबार की ओर इशारा करता है.




विक्रम एक ऐसे केयरटेकर की भूमिका में नजर आते हैं, जो शादियों का आयोजन करता है और अपने द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के लिए आत्मविश्वास से 100त्न गारंटी देता है. सर्वम माया फेम रिया शिबू को उनकी भतीजी के रूप में पेश किया गया है, और प्रोमो में उन्हें अक्सर अपने ही ख्यालों में खोई रहने वाली लड×की के रूप में दिखाया गया है.

उर्वशी और वीटीवी गणेश के साथ रसोई के एक सीन में भी हल्का-फुल्का माहौल बना रहता है, जहां वे खाना बनाते समय हंसी-मजाक करते नजर आते हैं. हालांकि, माहौल तब बदल जाता है जब विक्रम कुछ सामान लेने के लिए स्टोर रूम की ओर जाते हैं.

प्रोमो में विक्रम का वह रूप दिखाया गया है जिसे अन्नियन कहा जा रहा है. गेट के खुलते ही कमरे में दो बुरी तरह घायल लोग पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि विक्रम शांति से खून साफ कर रहे हैं. यह सीन बताता है कि उसके साधारण दिखने के पीछे एक रहस्यमय और निर्दयी व्यक्ति छिपा है. पावर हाउस का प्रोमो देख अब विक्रम के फैंस तरह-तरह के कमेंट्स पोस्ट कर रहे हैं. कोई लिख रहा है कि इस फिल्म से एक्टर का बिग कमबैक होगा. किसी ने लिखा है लगता है अपरिचित लौट रहा है. बता दें, फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी और तब पता चलेगा कि दर्शकों को विक्रम का यह अवतार कैसा लगेगा.

पावर हाउस के संगीतकार संतोष नारायणन हैं. सत्य ज्योति फिल्म्स ने अपने पोस्ट में सिनेमैटोग्राफर आरडी राजशेखर, गोपी प्रसन्ना (जो प्रोडक्शन डिजाइनर भी हैं) और कॉस्ट्यूम डिजाइनर-स्टाइलिश पूर्णिमा रामास्वामी को भी टैग किया है. सत्य ज्योति फिल्म्स बैनर के तहत सेंधिल त्यागराजन और अर्जुन त्यागराजन द्वारा निर्मित पावर हाउस में शम्मी थिलाकन भी मुख्य भूमिका में हैं. इस फिल्म से विक्रम और शंकर 10 साल बाद फिर साथ में आ रहे हैं. इस एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी ने साल 2016 में हिट फिल्म इरु मुगन दी थी.

# अक्षय-सैफ की 'हैवान' बॉक्स ऑफिस पर पस्त, चार दिन में दुनियाभर में सिर्फ 12.63 करोड़

**मुंबई/एजेंसी**




अक्षय कुमार और सैफ अली खान जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी के बावजूद 'हैवान' बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को आकर्षित करने में नाकाम साबित हो रही है। मलयालम फिल्म 'ओप्पम' की हिंदी पुनर्निर्मित फिल्म 'हैवान' से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन रिलीज के शुरुआती चार दिनों में इसका कारोबार बेहद कमजोर रहा है। फिल्म ने दुनियाभर में अब तक सिर्फ 12.63 करोड़ रुपये की कमाई की है।

फिल्म की कुल कमाई में भारत से 9.63 करोड़ रुपये और विदेशों से करीब 3 करोड़ रुपये का योगदान रहा है। बड़े सितारों और चर्चित कहानी के बावजूद फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की गई है।

'हैवान' ने पहले दिन भारत में करीब 3 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे दिन यह आंकड़ा घटकर 2.50 करोड़ रुपये रह गया। तीसरे दिन फिल्म ने करीब 1.85 करोड़ रुपये कमाए, जबकि चौथे दिन इसकी कमाई में भारी गिरावट आई और यह महज 70 लाख रुपये पर सिमट गई।

ये आंकड़े भारत में फिल्म के 3,265 शो के हैं। लगातार गिरती कमाई ने फिल्म की आगे की राह मुश्किल कर दी है।

'हैवान' में अक्षय कुमार और सैफ अली खान जैसे लोकप्रिय कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा बोमन ईरानी और श्रिया पिलगांवकर जैसे जाने-पहचाने कलाकार भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म की कहानी में रहस्य और रोमांच का तड×का है, लेकिन इसके बावजूद दर्शकों की संख्या सिनेमाघरों में उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ी। फिल्म के कमजोर शुरुआती कारोबार को देखते हुए अब इसकी नजर आने वाले दिनों में दर्शकों की प्रतिक्रिया पर टिकी है। यदि सप्ताह के बाकी दिनों में कमाई में सुधार नहीं हुआ तो फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस पर अपनी स्थिति मजबूत करना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



# रश्मिका मंदाना का दिखेगा नया अवतार, गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में आएंगी नजर

**मुंबई/एजेंसी**

रश्मिका मंदाना अपने करियर में सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। खबर है कि वह कर्नाटक की महान गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में उनकी भूमिका निभाती दिखेगी। सुब्बुलक्ष्मी की भारतीय संगीत में अद्वितीय विरासत और योगदान को देखते हुए, इस अपडेट ने सोशल मीडिया पर हर किसी का ध्यान खींच लिया है। दिलचस्प बात यह है कि निर्माता परियोजना का ऐलान करने और जश्न मनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी करने जा रहे हैं। रश्मिका को आधिकारिक तौर पर सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक के लिए चुन लिया गया है। बताया जा रहा है कि इस भूमिका को निभाने से पहले उन्होंने स्क्रीन टेस्ट भी दिया था।

फिल्म का नाम एमएस- ए लेगेसी ऑन स्क्रीन रखे जाने की संभावना है। 16 सितंबर, 2026 को गायिका की 110वीं जयंती के अवसर पर निर्माता फिल्म का आधिकारिक ऐलान करेंगे।

इस लॉन्च इवेंट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन के शामिल होने की चर्चा भी है।

फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी गौतम तिन्ननुरी ने उठाई है। अनिरुद्ध रविचंदर को संगीतकार के रूप में चुना गया है। वहीं, अल्लू अरविंद, बन्नी वासु और रॉकलाइन वेंकटेश इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कर रहे हैं।

बता दें, भारत रत्न से सम्मानित सुब्बुलक्ष्मी भारत की सबसे प्रतिष्ठित संगीत हस्तियों में से एक थीं, जिन्होंने गायन के साथ-साथ सेवासदनम, शकुंतलाई और सावित्री जैसी फिल्मों में भी योगदान दिया था।

कार्यक्रम के दौरान इंडियन कोरल एन्सेम्बल भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### खेजड़ली शहीदी मेला-2026 का आयोजन 21 सितंबर को

- 363 शहीदों की स्मृति में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे श्रद्धालु, 15 से 20 सितंबर तक जागमाणी हरिकथा का आयोजन



**चमकता राजस्थान** राजू भाई सागासनी / ब्यूरो चीफ जोधपुर, खेजड़ली/जोधपुर। खेजड़ली शहीदी राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान, जोधपुर एवं अखिल भारतीय जीव रक्षा विश्नोई सभा के संयुक्त तत्वावधान में खेजड़ली शहीदी मेला-2026 का आयोजन 21 सितंबर को खेजड़ली में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जाएगा। मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्ष रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले 363 शहीदों की स्मृति में आयोजित होगा।

आयोजन के तहत महंत डॉ. स्वामी सचिदानन्दजी महाराज, लालासर साथरी के मुखारविंद से 15 सितंबर से 20 सितंबर 2026 तक जागमाणी हरिकथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रहेगा।

महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, संतों का फूल-मालाओं से किया स्वागतः जागमाणी हरिकथा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाएं मंगल कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुईं। संतों के आगमन पर श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा के साथ संतों को श्रद्धापूर्वक कथा वाचक पंडाल तक लाया गया। इस दौरान पूरा वातावरण धार्मिक जयकारों एवं भक्ति भाव से गूंज उठा। कार्यक्रम के अनुसार 20 सितंबर को रात्रि 8:15 बजे जागरण, जबकि 21 सितंबर को सुबह 8:15 बजे हवन, सुबह 9:15 बजे ध्वजारोहण तथा सुबह 10:15 बजे विशाल मेला आयोजित होगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार खेजड़ली का शहीदी मेला वृक्ष रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। इसमें राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से पर्यावरणप्रेमी, विश्नोई समाज के श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर 363 शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं एवं पर्यावरणप्रेमियों से मेले में भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि देने तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाने का आ''ान किया है।

### सालासर बालाजी के पुजारी अरविंद ने अनंत अंबानी को भेंट किया बालाजी महाराज का चित्र

**चमकता राजस्थान** अविनाश शर्मा जयपुर उद्योगपति मुकेश अंबानी द्वारा आयोजित गणेश पूजा में सालासर बालाजी के पुजारी अरविंद पुजारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अनंत अंबानी सहित अंबानी परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। गणेश पूजा में कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। पूजा के दौरान पुजारी अरविंद ने अनंत अंबानी को श्री सालासर बालाजी महाराज का भव्य चित्र भेंट किया। अनंत अंबानी ने श्रद्धा के साथ बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूजा स्थल पर भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल नजर आया। पुजारी अरविंद ने कहा कि गणपति बप्पा और श्री सालासर बालाजी महाराज की कृपा सभी पर बनी रहे। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की कामना की। गणेश पूजा के अवसर पर अंबानी परिवार और गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी के बीच सालासर बालाजी का चित्र भेंट किए जाने का यह अवसर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।




# रानी खुर्द पालिका अध्यक्ष पद का मुकाबला तय, भाजपा के बाबूलाल भाट और कांग्रेस के विरेन्द्रसिंह कच्छवाह आमने-सामने

## नामांकन से पहले भाजपा प्रत्याशी ने मिठेश्वर महादेव व अंबे माता के किए दर्शन, 21 सितंबर को होगा मतदान

चमकता राजस्थान

पाली -। रानी खुर्द नगरपालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से वार्ड 13 से निर्वाचित बाबूलाल भाट (54) और कांग्रेस की ओर से वार्ड 5 से निर्वाचित विरेन्द्रसिंह कच्छवाह (60) ने निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी शिवा जोशी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। अध्यक्ष पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित है और दोनों प्रत्याशी इसी वर्ग से हैं।

नामांकन से पहले मंदिरों में दर्शन

भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल भाट ने नामांकन दाखिल करने से पहले मिठेश्वर महादेव मंदिर और अंबे माता मंदिर पहुंचकर दर्शन किए।



इस दौरान पार्षद हरीश गेहलोत, भरत जैन बोराणा, चुनाव प्रभारी लूणकरण जैन और पूर्व मंडल अध्यक्ष जयंतीलाल वैष्णव भी मौजूद रहे। मंदिर दर्शन के बाद सभी नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और नामांकन प्रक्रिया पूरी की।

कांग्रेस ने बैठक में घोषित किया प्रत्याशी

कांग्रेस की ओर से विरेन्द्रसिंह कच्छवाह को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा पूर्व विधायक खुशवीरसिंह जोजावर की मौजूदगी में नव निर्वाचित पार्षदों की बैठक में की गई थी। बैठक में कांग्रेस के 8 पार्षदों ने कच्छवाह के नाम पर सहमति जताई थी।

आठ पार्षद ले चुके शपथ

नगरपालिका में अब तक कुल 8 निर्वाचित पार्षद शपथ लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके हैं। इनमें कांग्रेस के सुनील बाबू बैरवा (वार्ड 20), मोहम्मद इलियास (वार्ड 12), मोहम्मद अकरम (वार्ड 7) और विरेन्द्रसिंह कच्छवाह (वार्ड 5) शामिल हैं। कांग्रेस के बागी सुरेन्द्रसिंह सिसोदिया (वार्ड 10) तथा भाजपा के हरीश गेहलोत (वार्ड 6), बाबूलाल भाट (वार्ड 13) और भरत जैन बोराणा (वार्ड 16) भी शपथ ले चुके हैं।

21 सितंबर को मतदान

निर्वाचन अधिकारी की ओर से नियम 78 के तहत जारी लोक सूचना के अनुसार 17 सितंबर को सुबह 11.30 बजे नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी। 18 सितंबर को शाम 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। अध्यक्ष पद के लिए 21 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान नगरपालिका में निर्वाचित सदस्यों की बैठक में होगा।

# 8 प्रत्याशियों को 13 नामांकन पत्र वितरित, 6 ने जमा किए 10 नामांकन

## महापौर चुनाव को लेकर निगम कार्यालय में बढ़ी हलचल

चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ जेके बावल पाली, नगर निगम आम चुनाव के बाद अब महापौर पद के निर्वाचन को लेकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को महापौर पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय में सुबह से ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की आवाजाही बनी रही। नामांकन को लेकर बढ़ी भीड़ को देखते हुए निर्वाचन विभाग की ओर से निगम कार्यालय परिसर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। वहीं, नगर निगम के शेष नवनिर्वाचित पार्षदों को भी बुधवार को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई।

रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के निर्वाचन के लिए बुधवार तक कुल 8 प्रत्याशियों को 13 नामांकन पत्र वितरित किए गए हैं। इनमें से 6 प्रत्याशियों ने कुल 10 नाम निर्देशन पत्र जमा करवाए हैं। राजबाला हिंगड ने दो, सुमित्रा जैन ने दो, पुष्पा ने दो तथा नमिता बुबकिया ने दो नामांकन पत्र जमा करवाए। वहीं कुसुम सोनी एवं रशीदा बानो ने एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया।



नामांकन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय में प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की भी आवाजाही रही। निर्वाचन विभाग की ओर से प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

» गुरुवार को होगी नामांकन पत्रों की संवीक्षा

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि गुरुवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। संवीक्षा के बाद वैध पाए गए नामांकन पत्रों के आधार पर आगे की निर्वाचन प्रक्रिया संचालित होगी। संवीक्षा के बाद शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों को नाम वापस लेने का अवसर मिलेगा। नाम वापसी की अवधि पूरी होने के बाद चुनाव मैदान में शेष रहने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

» शेष नवनिर्वाचित पार्षदों को दिलाई शपथ

नगर निगम आम चुनाव में निर्वाचित शेष पार्षदों को बुधवार को शपथ भी दिलाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्वाचित पार्षदों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, ललित कुमार दवे, महेन्द्र बैरवा, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, युजवेन्द्र खेमलानी, गोविन्द सिंह राजपुरोहित, ताराचंद सेजू, रामलाल मानपुरा, अर्जुन सिंह, जयपाल सिंह चौहान, हिमांशु चतुर्वेदी, मोहित जोशी, शंकर जोधा, इकबाल अली, बबलू काठात, रघुवीर सिंह, पुष्पराज, प्रमोद, नरेश चौधरी सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# 21 सितंबर को होगा अध्यक्ष पद के लिए मतदान, दोनों दलों के 10-10 पार्षद होने से मुकाबला रोचक....

चमकता राजस्थान

धरियावद। नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बुधवार को निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी संदीप कुमार बेर-ड़ के समक्ष कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए। कांग्रेस की ओर से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ठा.भानु प्रताप सिंह राणावत एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम पुरी के नेतृत्व में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हरिराम चौधरी ने नामांकन प्रस्तुत किया। वहीं भाजपा की ओर से जिला मंत्री प्रताप चौधरी एवं विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह कोठारी कुंवर भूपेंद्र सिंह राणावत शानू बना के नेतृत्व में रेखा चौधरी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए आगामी 21 सितंबर को मतदान होगा। हाल ही में संपन्न पार्षद चुनाव में कांग्रेस और भाजपा को 10-10 सीटें मिलने से अध्यक्ष पद का मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। दोनों दलों के पास समान संख्या में पार्षद होने के कारण अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और परिणाम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अब सभी की नजरें 21 सितंबर को होने वाले मतदान पर टिकी हैं। अध्यक्ष पद पर किसका कब्जा होगा, इसका फैसला मतदान के बाद ही स्पष्ट होगा।




### भीनमाल: ट्रांसफार्मर के पास कचरे का ढेर, हादसे का खतरा



**चमकता राजस्थान** मिलेश कुमार माली भीनमाल के वार्ड संख्या 25 के कृषि मंडी रोड स्थित मारू प्रजापति हॉस्टल वाली गली से योगेश्वरी माता जी मंदिर जाने वाले रास्ते पर स्थिति दिन-ब-दिन खतरनाक होती जा रही है। मुख्य मार्ग पर लगी बिजली की डीपी (इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसफार्मर) के ठीक बाजू में कचरे का भारी जमावड़ा लगा हुआ है। इलाके में नगर पालिका द्वारा कोई बड़ा कचरा पात्र (Dustbin) स्थापित नहीं किए जाने के कारण मजबूरी में लोग यहीं कचरा डाल रहे हैं। इसके चलते मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय राहगीरों का वहां से गुजरना दुभर हो गया है।

- **बारिश के मौसम में बना जान-माल का खतराः**

सड़क किनारे लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के पास पड़ा कचरा बारिश के दिनों में बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। पानी और गीले कचरे के कारण ट्रांसफार्मर से करंट उतरने या शॉर्ट सर्किट होने की पूरी आशंका बनी रहती है, जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी प्रशासनिक अमला मूंदकर बैठा है। 'चमकता राजस्थान' प्रशासन से सवाल करता है कि क्या नगर पालिका किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है? वार्ड वासियों ने तुरंत वहां से कचरा हटाने, नियमित सफाई कराने और एक बड़ा कचरा पात्र रखवाने की मांग की है।

### 17 सितम्बर से जिले में शुरू होगा विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान

- एक माह तक चलेंगे जनसेवा, स्वच्छता, सुशासन, शिक्षा और नवाचार से जुड़े कार्यक्रम

**चमकता राजस्थान** रिवेन्द्र कुमार शर्मा की रिपोर्ट दौसा।



विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी से मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में 17 सितम्बर से 'विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान' शुरू होगा। एक माह तक चलने वाला यह अभियान 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान के तहत जनसेवा, सामाजिक सरोकार, स्वच्छता, शिक्षा, सुशासन और नवाचार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित कार्यक्रमों की समयबद्ध तैयारी करने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा अधिकाधिक आमजन और लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- **दीप प्रज्वलन से होगी अभियान की शुरुआत**

अभियान की शुरुआत 17 सितम्बर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगी। शाम 7 बजे नव लाभान्वित परिवारों सहित अन्य परिवारों के घरों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। ग्राम एवं शहरी क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर भी सामूहिक दीप प्रज्वलन और मंगलकामना कार्यक्रम होंगे। इसी दिन जिले में रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

- **विद्यार्थियों के लिए होंगी प्रतियोगिताएं**

'मेरे सपनों का भारतझ्रविकसित भारत' के तहत 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 'भारत/विकसित राजस्थान' विषय पर चित्रकला, भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं 'नमो सेवाझ्रअनकही कहानियां' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 25 सितम्बर तथा शहरी क्षेत्रों में 22 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा एवं जनकल्याण से जुड़ी प्रेरणादायी गतिविधियों की वीडियो रील तैयार कर प्रचारित की जाएंगी।

- **आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान**

'आंगन मिलन सेवा' के तहत 25 से 27 सितम्बर तक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलन कार्यक्रम होंगे। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा। इसी तरह 'सेवा की कहानी' के माध्यम से सरकारी योजनाओं से लाभान्वित परिवारों की प्रेरणादायी कहानियों को वीडियो, रील और फोटो के जरिए सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जाएगा।

# अनंत अंबानी ने किया वादा पूरा, रिलायंस फाउंडेशन ने तिरुमला को दीं 25 इलेक्ट्रिक बसें

चमकता राजस्थान

तिरुमला, 16 सितंबर 2026: तिरुमला आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा को ज्यादा आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए रिलायंस फाउंडेशन ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (TTD) को 25 इलेक्ट्रिक बसें सौंपी हैं। साथ ही इन बसों के लिए एक अलग एश चार्जिंग स्टेशन भी दिया गया है। बसों को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हरी झंडी दिखाई। नई बसों से हर साल तिरुमला आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का एक और विकल्प मिलेगा। साथ ही पेट्रोल-डीजल से चलने वाली गाड़ियों पर निर्भरता भी कम होगी। यह सौगात ऐसे समय आई है जब तिरुमला में ब्रह्मोत्सव का दौर चल रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



- **श्रद्धालुओं का सफर होगा अधिक आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल**
- **ब्रह्मोत्सव के बीच मिलीं नई बसें, चार्जिंग स्टेशन भी तैयार**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने जून 2026 में अपनी तिरुमला यात्रा के दौरान तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को 25 इलेक्ट्रिक बसें देने का वादा किया था। करीब तीन महीने बाद रिलायंस फाउंडेशन ने वह वादा पूरा कर दिया। इन बसों के लिए चार्जिंग की सुविधा तैयार करने में खङ्ग-ुस्त्र ने तकनीकी सहयोग दिया है।

अनंत अंबानी ने कहा, ''हर साल लाखों श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन के लिए तिरुमला आते हैं। उनकी यात्रा को ज्यादा आरामदायक बनाने में सहयोग करना सौभाग्य और जिम्मेदारी दोनों है। ये 25 इलेक्ट्रिक बसें ळ्ळऊकी उन कोशिशों में हमारा छोटा सा योगदान हैं, जिनका मक-सद तिरुमला की तीर्थयात्रा को और आरामदायक बनाना और क्षेत्र की समृद्ध जैव-विविधता को बचाना है।''

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929